दैनिक
# बुलन्द मंज़िल
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

PRGI NO. - UPBIL/25/A4797

उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...

वर्ष : 01 | अंक : 107 | संभल, सोमवार 30 मार्च 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य: 05/-रू.



पेज :- 03- महानगर के 9 मंडलों में मन की बात , डॉ श्यामा प्रसाद...
पेज :- 04- रोटरी क्लब हापुड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुस्लिम कुरैशी..

## संक्षिप्त खबरें



### सऊदी अरब के एयरबेस पर ईरान के हमले में अमेरिकी विमान 'अवाक्स' और रिफ्यूलिंग विमान तबाह

**नई दिल्ली।** ईरान ने रविवार को अपने हमलों में अमेरिकी विमान 'ई-3 सेंट्री अवाक्स' को नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। ईरान ने अमेरिकी विमानों को निशाना बनाते हुए सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर हमला किया। इस्लामी गणतंत्र ईरान प्रसारण (आईआरआईबी) के अनुसार, सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर खड़े एक ई-3 सेंट्री अवाक्स को ईरान के हमले में नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा कई रिफ्यूलिंग विमान (केसी-135) भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। यह विमान अमेरिका की क्षेत्रीय हवाई निगरानी और कमांड क्षमता के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह विमान युद्ध के मैदान में आंख और दिमाग का काम करता है। इससे पहले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने एक अमेरिकी एफ-16 फाइटिंग फाल्कन और एक एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को निशाना बनाने का दावा कियाया।

### बंगाल के लिए कांग्रेस ने 284 नामों की लिस्ट जारी की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए रविवार शाम 284 नामों की लिस्ट जारी की। राज्य में विधानसभा की कुल 294 सीटें हैं। लोकसभा चुनाव हारे अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर से प्रत्याशी बनाया गया है। मालातीपुर से मौसम नूर को टिकट दिया गया है। इधर, पीएम मोदी ने रविवार को केरल पहुंचे। उन्होंने यहां भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरुआत की। पलक्कड़ में पहली रैली की। इसके बाद वे त्रिशूर पहुंचे थे। यहां उनकी रैली 34 मिनट की थी। पलक्कड़ में पीएम ने कहा- दशकों से केरल मतलबी पॉलिटिक्स के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ एलडीएफ, दूसरी तरफ डीएफ, एक तरफ कम्युनिस्ट, दूसरी कांग्रेस। एक करप्ट, दूसरा महा-करप्ट। एक कम्युनल, दूसरा महा-कम्युनल।

### रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का निधन

**मुंबई।** टेक्सटाइल ब्रांड 'रेमंड' को घर-घर तक पहुंचाने वाले पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का रविवार 29 मार्च को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया। दोपहर 3 बजे चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर उनके बेटे और रेमंड के मौजूदा चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने परिवार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम रस्में पूरी कीं। 87 वर्षीय सिंघानिया का शनिवार शाम को निधन हुआ था। वे अपने पीछे पत्नी आशादेवी और तीन बच्चों- मधुपति सिंघानिया, शेफाली रुइया और गौतम सिंघानिया को छोड़ गए हैं।


### असम से हर घुसपैठिए की पहचान कर हटाएंगे : शाह

**सोनितपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम के सोनितपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम अभी तक असम से घुसपैठियों को हटाने में सफल नहीं हुए हैं। अगले 5 सालों में हम अपने राज्य से हर घुसपैठिए की पहचान करने और उसे हटाने का संकल्प लेते हैं। सोनितपुर रैली में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगते हुए अमित शाह ने जनता से कहा, 'आपको ऐसे असम के लिए वोट देना चाहिए जो घुसपैठियों से मुक्त हो। आपको एक शांतिपूर्ण और विकसित असम के लिए वोट देना चाहिए। आपको असम के युवाओं के लिए अवसरों और रोजगार के लिए वोट देना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'एक तरफ भाजपा है, जिसने पिछले दस सालों में असम को आतंकवाद से मुक्त किया है।

### पटेला री पोल

**गहराएगा तेल गैस का संकट , सारे रास्ते दिख रहे बंद**
**युद्ध लगातार जारी है, खत्म नहीं बारूद की गंद**
**ईरान रूस से बंद व्यापार, अमेरिका को नहीं रास्ता**
**क्रूड ऑयल की रेट आसमान, होगा नहीं यह सस्ता**
..मुखिया जी

# अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ 1 करोड़ से ज्यादा लोगों का मार्च




## 3,500 जगह प्रदर्शन

### ईरान वॉर और महंगाई को लेकर पद से हटाने की मांग

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका में शनिवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 1 करोड से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए। आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ट्रम्प के खिलाफ अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 3 बार नो किंग्स प्रदर्शन हो चुके हैं। पहला बड़ा प्रदर्शन जून 2025 में आयोजित किया गया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में दूसरा प्रोटेस्ट हुआ। जबकि तीसरा प्रोटेस्ट 28 मार्च यानी कल हुआ।

**व्हाइट हाउस बोला- प्रदर्शन से लोगों को फर्क नहीं पड़ता** व्हाइट हाउस ने इन प्रदर्शनों को 'थेरेपी-सेशन' बताते हुए कहा कि आम लोगों को इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता। वहीं ट्रम्प का कहना है कि उनके फैसले देश को मजबूत बनाने के लिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे 'राजा' नहीं हैं और उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप गलत हैं। सिर्फ अमेरिका ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ट्रम्प के खिलाफ नाराजगी देखने को मिली है। पेरिस, लंदन और लिस्बन जैसे शहरों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया और उन्हें पद से हटाने की मांग की।

#### मन की बात

## जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकटः भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आए-मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं। जंग के चलते ऊर्जा संकटः साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।अफवाहों में न आएं: मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं 7 सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे।

## भारत आ रहे 2 एलपीजी टैंकरों ने होर्मुज पार किया

**94 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर इसी हफ्ते पहुंचेंगे**

**तेल अवीव।** भारत आ रहे दो एलपीजी टैंकरों ने होर्मुज स्ट्रेट पार कर लिया है। इन जहाजों पर 94 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी हुई है। बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्लयू ईएलएम नाम के इन जहाजों को भारतीय नौसेना सुरक्षा दे रही है। सरकार के मुताबिक, ये दोनों टैंकर इसी हफ्ते मुंबई पहुंच सकते हैं। इससे पहले 4 भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर भी इस अहम समुद्री रास्ते को पार कर चुके हैं, जबकि 3 अन्य अभी पश्चिमी हिस्से में हैं। सरकार ने बताया कि कुल 18 भारतीय जहाज और 485 भारतीय नाविक अभी भी इस क्षेत्र में मौजूद हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा



एलपीजी आयातक है। देश की करीब 60% जरूरत आयात से पूरी होती है, जिसमें से 90% मिडिल ईस्ट से आता है। इसी बीच ईरान जंग को लेकर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्त्र के विदेश मंत्रियों की बैठक जारी है।

#### मुख्यमंत्री का नवनियुक्त लोक सेवकों से संवाद

## विकसित राजस्थान बनाने में नवनियुक्त लोक सेवकों की अहम भूमिका-भजनलाल शर्मा





**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नवनियुक्त लोक सेवकों ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं जैसी परीक्षा कड़ी मेहनत, त्याग और अटूट समर्पण से उत्तीर्ण की है। उन्होंने कहा कि इस सफलता में परिजन और परिचितों का अहम योगदान है, अब नवनियुक्त लोक सेवक इस सफलता से उन सभी को संबल प्रदान करें। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी बड़े सपने देखे और उन्हें पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम भी करे। शर्मा रविवार को बिड़ला सभागार में राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाओं के नवनियुक्त लोक सेवकों से संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की सामाजिक कल्याण की योजनाएं एवं नीति धरातल पर पहुंची हैं, जिससे किसान, गरीब, मजदूर, घुमंतू-अर्द्धघुमंतू एवं दिव्यांग वर्ग के अनेक युवाओं को लोकसेवक बनने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परीक्षा की तैयारी के दौरान जिन भावना और विचारों से प्रेरित होकर नवनियुक्त लोक सेवक आज जिस स्थान पर पहुंचे हैं, वहां भी इन भावना और विचारों को बनाए रखें तथा आमजन की सेवा और कल्याण के कार्य आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि परिश्रम वह सीढ़ी है, जो पद तक तो ले जाती है किंतु सेवाभाव वह नींव है, जो लोक सेवक को आमजन के दिलों में सदा के लिए स्थाई बनाती है।

शर्मा ने कहा कि लोकसेवक अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति सजग रहकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-विकसित राजस्थान 2047 के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि राजस्थान को देश का नंबर एक राज्य बनना ही हमारी सरकार का संकल्प है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए स्पष्ट रोडमैप बनाया गया है, जिस पर कार्य किया जा रहा है।

#### असम में गरजे अमित शाह

## बोले- बीजेपी सरकार बनी तो 5 साल में हर घुसपैठिया होगा बाहर

**असम।** गृह मंत्री अमित शाह ने असम के सोनितपुर जिले की ढेकियाजुली विधानसभा में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने भाषण के दौरान उन्होंने असम की सुरक्षा, रोजगार और विकास को मुख्य मुद्दा बनाया। शाह ने जनता से अपील की कि वे केवल मुख्यमंत्री या मंत्री चुनने के लिए नहीं, बल्कि असम को घुसपैठियों से पूरी तरह मुक्त करने के लिए वोट दें। अमित शाह ने स्वीकार किया कि हालांकि पिछले दस वर्षों में नई घुसपैठ को रोकने में सफलता मिली है, लेकिन अभी भी कई अवैध लोग राज्य में मौजूद हैं। उन्होंने संकल्प लिया कि अगर भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है, तो अगले पांच वर्षों में हर घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें बाहर निकाला जाएगा। शाह ने कहा कि ये घुसपैठिए असम के युवाओं के रोजगार और संसाधनों पर अवैध कब्जा जमाए हुए हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए



गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में असम ने केवल बम धमाके और हिंसा देखी थी। इसके विपरीत, पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने असम को आतंकवाद से मुक्त किया है और लगभग 10,000 युवाओं को हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने में मदद की है। उन्होंने कहा कि आज का असम शांति और बड़ी इंडस्ट्रीज की ओर बढ़ रहा है। शाह ने देश की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के समय पाकिस्तान से आतंकी आकर धमाके करते थे, लेकिन अब मोदी सरकार है। उन्होंने उरी के बाद 'सर्जिकल स्ट्राइक', पुलवामा के बाद 'एयर स्ट्राइक' और पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे आतंकियों का सफाया किया गया। उन्होंने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई से सवाल किया कि क्या वे घुसपैठियों के साथ खड़े हैं या उनके खिलाफ।

**असम के महापुरुषों का सम्मान**

अमित शाह ने गोपीनाथ बोरदोलोई और भूपेन हजारिका जैसे असम के दिग्गजों का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर उन्हें नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बोरदोलोई जी ने असम को पूर्वी पाकिस्तान में मिलने से बचाया था, फिर भी कांग्रेस ने उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। यह सम्मान उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मिला। इसी तरह 'भूपेन दा' को भी मोदी सरकार ने ही भारत रत्न से सम्मानित किया।

#### सरकार ने फिर बदला आरसीए एडहॉक कमेटी का कन्वीनर

## डीडी कुमावत की जगह मोहित यादव को कन्वीनर नियुक्त किया



**जयपुर ।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एडहॉक कमेटी में राज्य सरकार ने एक फिर बदलाव किया है। कमेटी कन्वीनर के साथ ही कुछ सदस्यों को भी बदला गया है। डीडी कुमावत की जगह भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव को कन्वीनर नियुक्त किया गया है। कमेटी में दो नए चेहरों को शामिल किया है। इनमें पूर्व मंत्री चंद्रराज सिंघवी के पोते अरिष्ट सिंघवी और हनुमानगढ़ के भादरा से विधायक संजीव बेनीवाल के बेटे अर्जुन बेनीवाल को सदस्य बनाया गया है। नई एडहॉक कमेटी में स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर, बीजेपी सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी को फिर जगह दी गई है।

## पीएम मोदी बोले- केरल में लूट के लिए एलडीएफ-यूडीएफ ने बनाया गठजोड़

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए पलक्कड़ पहुंचे। यहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री पारंपरिक केरल मुंडू (धोती) पहने हुए नजर आए। जनसभा में पहुंचने पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला जब प्रधानमंत्री ने केरल के प्रसिद्ध वाद्य यंत्र 'चेंडा' (ड्रम) पर अपना हाथ आजमाया। उन्होंने बड़े उत्साह के साथ चेंडा बजाया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार उन्हें केरल में एक अलग ही माहौल दिखाई दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि केरल इस बार बदलाव का संदेश भेज रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए की बढ़ती लोकप्रियता और भाजपा पर लोगों का भरोसा अब साफ दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद भीड़ के उत्साह को देखकर कहा कि पलक्कड़ का यह मिजाज अब एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केरल के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और एनडीए पर पूरा भरोसा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस बदलाव का श्रेय केरल की जनता के आशीर्वाद और भाजपा कार्यकताओं की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने उन कार्यकताओं को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने केरल में राजनीतिक हिंसा के कारण अपनी जान गंवाई है। प्रधानमंत्री ने केरल की सुंदरता की तारीफ करते हुए कहा कि इसे 'सुंदरतम' क्यों कहा जाता है, इसका एहसास पलक्कड़ आते ही हो जाता है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केरल दशकों से स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ को 'भ्रष्ट' और 'महाभ्रष्ट' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों गठबंधनों की नीतियां केवल वोटबैंक के लिए होती हैं और इन्हें विकास की कोई परवाह नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दोनों ने दशकों तक केरल को लूटा और आपस में लाभ बांटा है। इनके बीच समझौता था कि कुछ साल एक सरकार चलाएगी और फिर दूसरी। प्रधानमंत्री ने जनता को आगाह किया कि ये दोनों पार्टियां भाजपा से डरती हैं क्योंकि उन्हें डर है कि भाजपा सत्ता में आई तो उनके काले कामों का पदार्फाश हो जाएगा। उन्होंने बताया कि ये दल देश के अन्य राज्यों जैसे बिहार, तमिलनाडु और झारखंड में एक साथ गठबंधन में हैं, लेकिन केरल में एक-दूसरे को बुरा-भला कहकर जनता को धोखा दे रहे हैं।

CMYK

## सम्पादकीय

# सोशल मीडिया पर अंकुश

अमेरिका में लॉस एंजेलिस की एक जूरी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के घातक प्रभावों से त्रस्त एक युवती के पक्ष में सुनाए गए ऐतिहासिक फैसले से दुनिया भर के अभिवावकों को राहत मिली है। दरअसल, सोशल मीडिया की लत लगाने से जुड़े एक मामले में मेटा और यूट्यूब पर 56 करोड़ का जुमार्ना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि एक युवती ने मेटा और यूट्यूब पर आरोप लगाया था कि इनकी वजह से उसे सोशल मीडिया की घातक लत लगी। हालांकि, अब तक ये कंपनियां दलील देती रही हैं कि वे मात्र सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैं और इसकी सामग्री के लिये जिम्मेदार नहीं हैं। लेकिन कोर्ट में वकीलों ने पीड़िता के पक्ष में दलील दी कि जानबूझकर इस तरह के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं ताकि उपयोगकर्ता कथित सोशल मीडिया की लत के शिकार बन जाएं। शुरूआत से पहचान गुप्त रखने वाली बीस वर्षीय युवती केली के वकीलों की दलील को जूरी ने स्वीकार किया कि इस लत से उसकी मानसिक सेहत को नुकसान हुआ है। जूरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की दलीलों को दरकिनार करते हुए मेटा और यूट्यूब पर साठ लाख अमेरिकी डॉलर यानी छप्पन करोड़ रुपये चुकाने का आदेश दिया है। जूरी ने माना कि गूगल तथा मेटा ने इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के संचालन में अपने मुनाफे के मद्देनजर अनुचित उपायों का सहारा लिया है। जूरी ने इसे अनैतिक भी बताया। जूरी के निर्णय के अनुसार इस मामले में जुमार्ने की सत्तर फीसदी राशि मेटा तथा तीस फीसदी रकम गूगल को चुकानी होगी। उल्लेखनीय है कि पूरी दुनिया में इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के विरुद्ध हजारों मुकदमें चल रहे हैं। जिसमें कई वे लोग भी शामिल हैं जिनके बच्चों ने सोशल मीडिया की लत का शिकार होकर आत्मघाती कदम उठाये हैं। ब्रिटेन समेत कई देशों में अभिभावक इस लत से बच्चों को बचाने के लिये आंदोलन करते रहे हैं। यही नहीं, अमेरिका में ही विभिन्न अदालतों में सोशल मीडिया के घातक प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये सैकड़ों मामले चल रहे हैं। विश्वास किया जा रहा है कि इस मुकदमे के फैसले का प्रभाव उन तमाम मामलों में भी पड़ सकता है, जो दुनिया के विभिन्न देशों में चल रहे हैं। हालांकि, दोषी पाये गए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के कर्ताधर्ता इस फैसले से असहमति जताते हुए इसके खिलाफ अपील करने की बात कर रहे हैं। उनकी दलील है कि किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव के अनेक अन्य कारण हो सकते हैं, जिसके लिये सिर्फ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यूट्यूब के अधिकारियों का कहना है कि ये सोशल मीडिया साइट नहीं, सिर्फ वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है। जबकि पीड़ित युवती के वकीलों की दलील थी कि मेटा आदि कंपनियों ने इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की संरचना ऐसी बनायी है कि किशोरों को इसकी आदत लग जाए। हकीकत ये है कि भारत समेत दुनिया के करोड़ों किशोर इसकी लत के शिकार बन रहे हैं। यही वजह है हफ्तों चले मुकदमे के दौरान बड़ी संख्या में किशोरों के अभिभावक वादी के पक्ष में अदालत के परिसर में मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इस फैसले से पहले न्यू मेक्सिको में एक जूरी ने मेटा को इस बात के लिये जवाबदेह ठहराया कि उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वयस्कों की सामग्री तक बच्चों की पहुंच बनी है, जिससे उनके जीवन में यौन अपराधियों का खतरा बढ़ गया है।, भारत समेत कई विकसित व विकासशील देशों में सोशल मीडिया से बच्चों के जीवन में पड़ने वाले घातक प्रभावों को लेकर चिंता सालों से बनी हुई है। लेकिन देश में इस बाबत कोई नियामक कानून न होने से कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आती। बच्चों की पढ़ाई खराब होने और उनके मानसिक रोगों से ग्रस्त होने की आशंका से अब अभिभावक आक्रोश व्यक्त करने लगे हैं। यही वजह है कि दुनिया के विकसित देशों में इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म से बच्चों को दूर रखने के लिए कानून बन रहे हैं।

# बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम और पारंपरिक भ्रांतियाँ



सरकारी स्कूलों में एक कक्षा में 60-70 बच्चे बैठते हैं, जहाँ शिक्षक का ध्यान हर बच्चे पर देना असंभव हो जाता है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की इतनी भीड़ होती है कि डॉक्टर को एक मरीज को देखने के लिए मुश्किल से दो मिनट मिलते हैं। बढ़ती आबादी के कारण सरकार चाहकर भी हर व्यक्ति तक अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा नहीं पहुँचा पाती। भारत आज दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। 2024 में भारत की जनसंख्या लगभग 145 करोड़ को पार कर गई है। यह एक ऐसी समस्या है जो देश के विकास, संसाधनों, पर्यावरण और लोगों के जीवन स्तर पर सीधा असर डालती है। एक तरफ जहाँ देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ बढ़ती आबादी उस तरक्की को खा जा रही है। सड़कों पर भीड़, अस्पतालों में लंबी कतारें, स्कूलों में जगह की कमी और बेरोजगारी– ये सब बढ़ती जनसंख्या के प्रत्यक्ष परिणाम हैं। इस लेख में हम बढ़ती जनसंख्या से होने वाले नुकसानों को समझेंगे और उन पारंपरिक विचारधाराओं का खंडन करेंगे जो अधिक संतान पैदा करने को प्रेरित करती हैं। बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामः गरीबी और भुखमरीः जब किसी परिवार में कमाने वाला एक होता है और खाने वाले दस, तो गरीबी अपने आप आ जाती है। यही बात पूरे देश पर लागू होती है। भारत में उत्पादन बढ़ रहा है, लेकिन उससे कहीं ज्यादा तेजी से आबादी बढ़ रही है। नतीजा यह होता है कि प्रति व्यक्ति आय कम रह जाती है। करोड़ों लोग आज भी दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं। गरीबी का सीधा संबंध अधिक जनसंख्या से है। बेरोजगारी : हर साल लाखों युवा पढ़-लिखकर नौकरी ढूँढने निकलते हैं, लेकिन नौकरियाँ उतनी तेजी से नहीं बढ़तीं जितनी तेजी से लोग बढ़ रहे हैं। एक सरकारी पद के लिए लाखों आवेदन आते हैं। इससे निराशा, अपराध और सामाजिक अस्थिरता बढ़ती है। अगर जनसंख्या नियंत्रित होती तो हर हाथ को काम मिलना आसान होता। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझः सरकारी स्कूलों में एक कक्षा में 60-70 बच्चे बैठते हैं, जहाँ शिक्षक का ध्यान हर बच्चे पर देना असंभव हो जाता है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की इतनी भीड़ होती है कि डॉक्टर को एक मरीज को देखने के लिए मुश्किल से दो मिनट मिलते हैं। बढ़ती आबादी के कारण सरकार चाहकर भी हर व्यक्ति तक अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा नहीं पहुँचा पाती। पर्यावरण का विनाशः ज्यादा लोग यानी ज्यादा जमीन की जरूरत, ज्यादा पानी की खपत, ज्यादा प्रदूषण और ज्यादा कचरा। जंगल काटकर बस्तियाँ बसाई जा रही हैं, नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, भूजल का स्तर गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन का एक बड़ा कारण अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि है। अगर यही रफ्तार जारी रही तो आने वाली पीढ़ियों को साफ पानी और स्वच्छ हवा भी नसीब नहीं होगी। आवास और शहरीकरण की समस्याः शहरों में जगह कम पड़ रही है। मुंबई, दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। लोग तंग और अस्वच्छ जगहों पर रहने को मजबूर हैं। ट्रैफिक जाम, पानी की कमी और बिजली की समस्या – ये सब अधिक जनसंख्या का ही नतीजा है। अपराध और सामाजिक अशांतः जब लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होतीं तो अपराध बढ़ता है। भूख, बेरोजगारी और निराशा लोगों को गलत रास्ते पर धकेलती है। अधिक जनसंख्या वाले इलाकों में चोरी, लूट और हिंसा की घटनाएँ ज्यादा देखी जाती हैं। पारंपरिक भ्रांतियाँ और उनका खंडनः हमारे समाज में कई ऐसी पुरानी मान्यताएँ प्रचलित हैं जो लोगों को अधिक संतान पैदा करने के लिए प्रेरित करती हैं। इन मान्यताओं की जड़ें धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं में हैं। आइए इन भ्रांतियों को एक-एक करके समझें और उनका तर्कपूर्ण खंडन करें। भ्रांति 1ः संतान से मोक्ष मिलता हैः यह सबसे प्रचलित मान्यता है कि पुत्र के बिना मोक्ष नहीं मिलता। कहा जाता है कि पुत्र पिंडदान करेगा तो पूर्वज मुक्त होंगे। इस मान्यता के कारण लोग बेटे की चाह में कई संतानें पैदा करते रहते हैं। खंडन : अगर हम धर्मग्रंथों को गहराई से पढ़ें तो मोक्ष कर्म, ज्ञान और भक्ति से मिलता है, संतान की संख्या से नहीं। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि मोक्ष का मार्ग निष्काम कर्म और आत्मज्ञान है। कोई भी धर्मग्रंथ यह नहीं कहता कि जिसके ज्यादा बच्चे होंगे, उसे ज्यादा पुण्य मिलेगा। मोक्ष व्यक्ति के अपने आचरण, सदाचार और आध्यात्मिक साधना पर निर्भर करता है। अगर संतान से ही मोक्ष मिलता तो संन्यासियों, साधुओं और ऋषि-मुनियों को मोक्ष कैसे प्राप्त होता? शंकराचार्य, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद – इन सबने संतान नहीं उत्पन्न की, फिर भी ये महापुरुष माने गए। भ्रांति 2ः बेटा जरूरी है, बेटी से काम नहीं चलता : समाज में यह धारणा गहरी जड़ें जमाए बैठी है कि बेटा वंश आगे बढ़ाता है, बुढ़ापे का सहारा बनता है और अंतिम संस्कार करता है। इसलिए लोग बेटे की चाह में बच्चे पैदा करते रहते हैं। खंडन : आज के समय में बेटियाँ हर क्षेत्र में बेटों से आगे निकल रही हैं। चाहे सेना हो, अंतरिक्ष हो, खेल हो या प्रशासन – बेटियाँ हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। कई बेटियाँ अपने माता-पिता की बुढ़ापे में बेटों से बेहतर देखभाल करती हैं। रही बात अंतिम संस्कार की, तो आज कानूनी रूप से बेटी को भी यह अधिकार प्राप्त है। जो लोग बेटे की चाह में पाँच-छह बेटियाँ पैदा कर देते हैं, वे न उन बेटियों को अच्छी शिक्षा दे पाते हैं, न अच्छा जीवन। यह कोई समझदारी नहीं, बल्कि मूर्खता है। भ्रांति 3 : ज्यादा बच्चे यानी बुढ़ापे का सहारा : कई लोग सोचते हैं कि जितने ज्यादा बच्चे होंगे, बुढ़ापे में उतना ज्यादा सहारा मिलेगा। उनका मानना है कि एक-दो बच्चे हुए तो कौन देखभाल करेगा। खंडन : सच्चाई यह है कि आज के समय में ज्यादा बच्चे होने का मतलब ज्यादा सहारा नहीं, बल्कि ज्यादा खर्चा और ज्यादा चिंता है।

*नतीजा यह होता है कि प्रति व्यक्ति आय कम रह जाती है। करोड़ों लोग आज भी दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं। गरीबी का सीधा संबंध अधिक जनसंख्या से है। बेरोजगारी : हर साल लाखों युवा पढ़-लिखकर नौकरी ढूँढने निकलते हैं, लेकिन नौकरियाँ उतनी तेजी से नहीं बढ़तीं जितनी तेजी से लोग बढ़ रहे हैं। एक सरकारी पद के लिए लाखों आवेदन आते हैं। इससे निराशा, अपराध और सामाजिक अस्थिरता बढ़ती है। अगर जनसंख्या नियंत्रित होती तो हर हाथ को काम मिलना आसान होता। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझः सरकारी स्कूलों में एक कक्षा में 60-70 बच्चे बैठते हैं, जहाँ शिक्षक का ध्यान हर बच्चे पर देना असंभव हो जाता है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की इतनी भीड़ होती है कि डॉक्टर को एक मरीज को देखने के लिए मुश्किल से दो मिनट मिलते हैं। बढ़ती आबादी के कारण सरकार चाहकर भी हर व्यक्ति तक अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा नहीं पहुँचा पाती। पर्यावरण का विनाशः ज्यादा लोग यानी ज्यादा जमीन की जरूरत, ज्यादा पानी की खपत, ज्यादा प्रदूषण और ज्यादा कचरा। जंगल काटकर बस्तियाँ बसाई जा रही हैं, नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, भूजल का स्तर गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन का एक बड़ा कारण अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि है। अगर यही रफ्तार जारी रही तो आने वाली पीढ़ियों को साफ पानी और स्वच्छ हवा भी नसीब नहीं होगी। आवास और शहरीकरण की समस्याः शहरों में जगह कम पड़ रही है। मुंबई, दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। लोग तंग और अस्वच्छ जगहों पर रहने को मजबूर हैं। ट्रैफिक जाम, पानी की कमी और बिजली की समस्या — ये सब अधिक जनसंख्या का ही नतीजा है। अपराध और सामाजिक अशांतः जब लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होतीं तो अपराध बढ़ता है। भूख, बेरोजगारी और निराशा लोगों को गलत रास्ते पर धकेलती है। अधिक जनसंख्या वाले इलाकों में चोरी, लूट और हिंसा की घटनाएँ ज्यादा देखी जाती हैं। पारंपरिक भ्रांतियाँ और उनका खंडनः हमारे समाज में कई ऐसी पुरानी मान्यताएँ प्रचलित हैं जो लोगों को अधिक संतान पैदा करने के लिए प्रेरित करती हैं। इन मान्यताओं की जड़ें धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं में हैं। आइए इन भ्रांतियों को एक-एक करके समझें और उनका तर्कपूर्ण खंडन करें। भ्रांति 1ः संतान से मोक्ष मिलता हैः यह सबसे प्रचलित मान्यता है कि पुत्र के बिना मोक्ष नहीं मिलता। कहा जाता है कि पुत्र पिंडदान करेगा तो पूर्वज मुक्त होंगे। इस मान्यता के कारण लोग बेटे की चाह में कई संतानें पैदा करते रहते हैं। खंडन : अगर हम धर्मग्रंथों को गहराई से पढ़ें तो मोक्ष कर्म, ज्ञान और भक्ति से मिलता है, संतान की संख्या से नहीं। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि मोक्ष का मार्ग निष्काम कर्म और आत्मज्ञान है।*

# रणनीतिक स्वायत्तता या अनिश्चितता? भारतीय कूटनीति का बदलता स्वरूप

अरुण कुमार डनायक

भारतीय विदेश नीति की विशिष्टता लंबे समय तक यह रही कि उसने राष्ट्रीय हितों के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, संप्रभुता, उपनिवेशवाद-विरोध और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को समान महत्व दिया। नेहरू के नेतृत्व में भारत ने महाशक्तियों की गुटबंदी से दूर रहकर शांति, संप्रभुता और गुटनिरपेक्षता के माध्यम से अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखी। नेहरू केवल आदर्शवादी नहीं थेय आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने व्यावहारिक कूटनीति का भी परिचय दिया। अमेरिका सहित पश्चिमी देशों से तकनीकी सहयोग सीमित होने पर भारत ने सोवियत संघ तथा बाद में यूरोपीय देशों के साथ औद्योगिक सहयोग स्थापित कर संतुलनकारी कूटनीति का परिचय दिया। इंदिरा गांधी ने जटिल अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में कूटनीतिक दृढ़ता दिखाई। 1971 के युद्ध में अमेरिकी दबाव के बावजूद भारत अपनी रणनीति पर अडिग रहा। शिमला समझौता ने संघर्ष के बाद भी कूटनीतिक समाधान व क्षेत्रीय सहयोग की उसकी प्रतिबद्धता को दशार्या। यद्यपि नेहरू की कश्मीर-चीन नीति और इंदिरा गांधी के शिमला समझौते को लेकर आलोचनाएँ होती रही हैं, किंतु तत्कालीन वैश्विक परिस्थितियों में दोनों ने भारत के आत्मसम्मान और संप्रभुता से समझौता नहीं किया। भारतीय विदेश नीति में एक निर्णायक मोड़ पी व्ही नरसिम्हा राव के कार्यकाल में आया, जब शीत युद्ध समाप्त हुआ और वैश्विक व्यवस्था उदारीकरण की ओर बढ़ी। सोवियत संघ के पतन के बाद राव ने आर्थिक कूटनीति, श्लुक ईस्ट नीतिश और पश्चिमी देशों के साथ संबंध सुधारकर विदेश नीति को नए सिरे से पुनसंर्तुलित किया। उनके समय में भारत ने 1992 में इस्त्रायल के साथ पूर्ण कूटनीतिक संबंध स्थापित किए और राजीव गांधी द्वारा शुरू की गई चीन के साथ संबंध सुधार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए 1993 के सीमा शांति समझौता किया। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में भी यही परंपरा दिखाई देती है। वैचारिक भिन्नता के बावजूद उन्होंने विदेश नीति में नेहरूजी की परंपरा के अनुरूप समावेशी और संतुलित दृष्टिकोण अपनाया। परमाणु परीक्षणों के बाद उन्होंने अमेरिका के साथ संबंधों को पुनसंर्तुलित किया, साथ ही पाकिस्तान और चीन के साथ संवाद बनाए रखा। डॉक्टर मनमोहन सिंह की विदेश नीति ने भारत को विश्वसनीय साझेदार के रूप में स्थापित किया। उन्होंने न केवल अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु समझौता किया, बल्कि श्लुक ईस्टश नीति को दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों तक विस्तार देकर और जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर विकासशील देशों के हितों की रक्षा कर दीर्घकालिक नैतिकता और व्यावहारिकता प्रदर्शित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय विदेश नीति में बहु-संरेखण और वैश्विक मंचों पर सक्रिय कूटनीतिक उपस्थिति प्रमुख विशेषताएँ बनकर उभरी हैं। भारत श्वैश्विक दक्षिणश की आवाज के रूप में लंबे समय से देखा जाता रहा हैकृइसकी नींव नेहरू युग के बांडुंग (इंडोनेशिया) सम्मेलन से पड़ी, जिसे मोदी सरकार ने विभिन्न रूपों में आगे बढ़ाया। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने रूसी तेल खरीदकर ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की और साथ ही शांति प्रयासों का समर्थन करते हुए व्यावहारिक कूटनीति से आर्थिक लाभ भी अर्जित किया। लेकिन बार-बार बदलती कूटनीतिक प्राथमिकताएँ हमारी दीर्घकालिक रणनीति को लेकर अनिश्चितता की धारणा उत्पन्न करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति में प्रारम्भ में व्यक्तिगत समीकरण बनाने, परंतु प्रतिकूल परिस्थितियों में संवाद की निरंतरता बनाए रखने में संकोच की प्रवृत्ति दिखती है। शी जिनपिंग के साथ अनौपचारिक निकटता के बावजूद सीमा तनाव के बाद शीर्ष स्तर पर संवाद ठहर गया, और डोनाल्ड ट्रम्प के साथ व्यापारिक मतभेदों के दौरान प्रत्यक्ष संवाद से परहेज भी देखा गया। यह शैली अल्पकाल में तनाव टाल सकती है, किंतु दीर्घकाल में नीति की निरंतरता और विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाती है। पश्चिम एशिया में हाल के संकट ने इस चुनौती को और स्पष्ट किया है। ईरान-इजराइल-अमेरिका तनाव के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही बाधित होने से भारत के कई ऊर्जा-वाहक जहाज प्रभावित हुए। भारत के कूटनीतिक प्रयासों के चलते ईरान ने कुछ भारतीय जहाजों को अस्थायी सुरक्षित मार्ग दिया। ऊर्जा आयात सुनिश्चित करने के लिए भारत ने रूस समेत 41 देशों के साथ सहयोग मजबूत किया है, किंतु विश्लेषक मानते हैं कि दीर्घकालिक रणनीति और समयबद्ध प्रयास अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। संकट के चलते अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ बढ़ा है, चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका है तथा खाड़ी क्षेत्र में रह रहे लगभग 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा गंभीर चिंता बन गई है। हालांकि प्रधानमंत्री ने संसद को स्थिति से अवगत कराया, किंतु ट्रंप के पाँच दिवसीय युद्धविराम, पाकिस्तान-तुर्की-मिस्त्र की मध्यस्थता, संघर्ष की जड़ तथा ईरान के साथ हुई बातचीत के ठोस परिणाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपेक्षित स्पष्टता नहीं दिखी। चीन जैसी महाशक्ति के प्रत्यक्ष पड़ोसी होने से भारत पर बहुस्तरीय दबाव बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के भाषण से यह आभास होता है कि भारत अब पूर्ण तटस्थता की बजाय इजराइल और अमेरिका के साथ अधिक निकट समन्वय की ओर बढ़ रहा है।

# बड़े बैंक, नैतिकता और मूल्यों पर बड़े सवाल

जगदीश रत्तनानी

किसी बड़े बैंक के चेयरमैन का अचानक इस्तीफा देना साधारण बात नहीं है, खासकर जब उस बैंक को श्इतना बड़ा कि फेल नहीं हो सकता की श्रेणी में रखा गया हो। और भी ज्यादा असामान्य बात यह है कि इस्तीफे के साथ ऐसा पत्र भेजा जाए जो बैंक के मूल्यों और नैतिकता पर सवाल खड़े करता हो लेकिन लगभग पांच वर्षों तक एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन रहे अतानु चक्रवर्ती ने इस महीने की शुरूआत में ठीक यही किया जिससे बाजार, रेगुलेटर और बैंक मैनेजमेंट सभी हिल गए। उन्होंने लिखा-बैंक के भीतर पिछले दो सालों में मैंने जो कुछ घटनाएं और तौर-तरीके देखे हैं, वे मेरे निजी मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। एसेट्स और मार्केट कैप के मामले में एचडीएफसी भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर बैंक है। उदारीकरण के बाद के भारत में खुदरा बैंकिंग परिवर्तन का यह पोस्टर बॉय है। यह एक झटका पूरे बैंकिंग क्षेत्र को हिला सकता है और व्यापक वित्तीय स्थिरता के बारे में सवाल उठा सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने श्मजबूत वित्तीय व पेशेवर रूप से संचालित बोर्ड और सक्षम प्रबंधन टीम का हवाला देते हुए बैंक को क्लीन चिट देने में जल्दबाजी की है। समय पर दिया गया यह आश्वासन बाजारों को शांत करता है। परिणामस्वरूप बैंक की सुशासन की प्रतिष्ठा और मूल्यांकन में विश्वास प्रीमियम को भी दशार्ता है। फिर भी, जैसा कि इस्तीफे के एक दिन बाद विश्लेषकों के कॉल में पूछे गए सवालों से स्पष्ट था, चिंताएं बनी हुई हैं। हालांकि पूरी जांच के अभाव में बैंक में संभावित मुद्दों के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी




लेकिन यह मामला एक बार फिर इस बात पर प्रकाश डालता है कि नैतिकता और सुशासन के मुद्दों पर दशकों से बनी प्रतिष्ठा कुछ ही समय में बुरी तरह क्षतिग्रस्त या टूट सकती है। इस क्षेत्र में एचडीएफसी की प्रमुख स्थिति उदारीकृत अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की दक्षता के सकारात्मक पहलुओं को दशार्ती है लेकिन इसी प्रमुखता की वजह से बैंक पर और ज्यादा बारीकी से नजर रखने की जरूरत है और इस पर यह जिम्मेदारी भी आ जाती है कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ इस बात पर चर्चा करे कि ऐसी चुनौतियां कैसे पैदा होती हैं तथा उनसे कैसे निपटा जा सकता है। इस लिहाज से यह एक निर्णायक मोड़ है जिसके बैंक पर तत्काल प्रभाव पड़ेंगे और मध्यम व दीर्घकालिक रूप से यह पूरे भारतीय कॉर्पोरेट जगत को अपने घेरे में ले लेगा। यह सच है कि एचडीएफसी की साख को पहले ही नुकसान पहुंच चुका है। इसी वजह से कुछ लोगों का कहना है कि चेयरमैन को अपनी चिंताएं साफ-साफ और विस्तार से बतानी चाहिए थीं, न कि सिर्फ अस्पष्ट इशारे करके चले जाना चाहिए था। इस बात में दम है, लेकिन निवर्तमान चेयरमैन के इस कदम का एक और भी बड़ा पहलू यह है कि उन्होंने बेझिझक होकर अपनी चिंताएं लिखित रूप में जाहिर कीं। इस तरह उन्होंने बैंक के कामकाज के कुछ पहलुओं पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर किया- खासकर ऐसे माहौल में, जहां इस तरह के मुद्दों पर आम तौर पर खुलकर चर्चा नहीं होती। इसके अलावा एचडीएफसी के मामले को एक व्यापक नजरिए से और प्रशासन-प्रणाली के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। ये प्रणालियां भले ही बेहतर हो रही हैं लेकिन अभी भी उनमें सुधार की काफी गुंजाइश है। यह बात बोर्ड स्तर पर विशेष रूप से लागू होती है जहां डायरेक्टर लोग उतने सवाल नहीं उठाते जितने उन्हें उठाने चाहिए, जहां मतभेद या असहमति को आम तौर पर स्वीकार नहीं किया जाता और जहां मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के बजाय उन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। यह बात ध्यान देने लायक है कि चेयरमैन के इस्तीफे के तुरंत बाद (उससे पहले नहीं) बैंक ने तीन वरिष्ठ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। खबरों के मुताबिक इन कर्मचारियों को दुबई में बॉन्ड की श्गलत बिक्रीश में उनकी भूमिका के कारण हटाया गया था। मोटे तौर पर घोटालों की एक के बाद एक घटनाओं से भारतीय बैंकों की साख प्रभावित हुई है। इनमें सबसे ताजा और चौंकाने वाला मामला आईएफडीसी फर्स्ट बैंक का है। इस बैंक के कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्होंने सामूहिक साजिश रची और हरियाणा सरकार के खाते में 583 करोड़ रुपये का भारी-भरकम घोटाला कर दिया। बैंक ने धोखाधड़ी की पूरी रकम चुका दी है और अब यह मामला सुर्खियों से गायब हो चुका है। इस पर शायद ही कोई सवाल उठाया गया है कि ऐसी धोखाधड़ी की योजना कैसे बनाई गई और उसे किस तरह अंजाम दिया गया।

# फुलवारी में पलता बचपन

बाबा मायाराम

फुलवारी की सब्जी बाड़ी से कई फायदे सामने आ रहे हैं। एक दो बच्चों के पोषण आहार में हरी ताजी सब्जियां शामिल हुई हैं। दूसरी रासायनिक खेती की जगह जैविक तरीके से सब्जियां उगाई जा रही हैं, जो मिट्टी पानी व पर्यावरण के संरक्षण के लिए जरूरी हैं। लुप्त होते देसी बीजों से सब्जियों उगाई जा रही हैं, जिससे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन हो रहा है। गांवों में सब्जी बाड़ी की परंपरा को फिर से पुनर्जीवित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में जन स्वास्थ्य के काम की देश-दुनिया में काफी चर्चा है। यह पहल बिलासपुर के पास गनियारी में चल रही है। करीब ढाई दशक से चलने वाली इस पहल को देखने-समझने में मैं लम्बे अरसे से जाता रहा हूं। यहां न केवल मरीजों का सबसे अच्छा व कम कीमत में इलाज होता है, बल्कि रोगों की रोकथाम के लिए कोशिश भी होती है। इसके लिए प्राकृतिक खेती से लेकर पशु स्वास्थ्य का प्रेरणादायक काम हो रहा है, साथ ही महिला समूहों के साथ मिलकर आजीविका व आमदनी बढ़ाने की कोशिशें भी जारी हैं। फिलहाल में यहां छोटे बच्चों के लिए फुलवारी नामक एक कार्यक्रम के बारे में बताना चाहूंगा, जो बहुत ही अनूठा है। जिसमें गांव के छोटे बच्चों के लिए एक झूलाघर की तरह उन बच्चों की देखभाल की जाती है। फुलवारी एक तरह का झूलाघर है, जिसे बिलासपुर जिले में कार्यरत जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था संचालित करती है। यह संस्था करीब ढाई दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत है। संस्था का गनियारी स्थित अस्पताल है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में तीन स्वास्थ्य उपकेन्द्र हैं। इसके साथ ही 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए गांवों में फुलवारी केन्द्र चलाए जा रहे हैं। बिलासपुर जिला बहुत पिछड़ा और गरीब माना जाता है। यहां के लोग पलायन कर दूर-दूर तक काम करने के लिए जाते रहे हैं। बिलासपुरिया नाम से मशहूर इन लोगों को कड़ी मेहनत के बावजूद भी दो वक्त की रोटी नसीब नहीं होती। ऐसे कठिन समय में बच्चों की उचित देखभाल और आहार के प्रति ध्यान देना मुश्किल है। फुलवारी (झूलाघर) में सब्जी बाड़ी में इससे मदद मिल रही है। फुलवारी का शाब्दिक अर्थ भी फूलों की बगिया होता है। इन फुलवारी केन्द्रों में इस अवधि में स्वादिष्ट, गरम पतले और मुलायम भोजन के साथ बच्चों का खास ध्यान रखने की भी जरूरत होती है। इस सबके मद्देनजर जन स्वास्थ्य सहयोग ने वर्ष 2006 से फुलवारी नामक कार्यक्रम चलाया है जिसमें गांव के 6 माह से लेकर 3 साल तक के बच्चों को रखा जाता है। जहां उन्हें पका पकाया खाना खिलाया जाता है। एक फुलवारी में 10 बच्चों के लिए एक महिला कार्यकर्ता होती है और 10 से ज्यादा बच्चे हुए तो दो महिला कार्यकताओं की नियुक्ति होती है। अब इन्ही कार्यकताओं के द्वारा सब्जी बाड़ी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। करहीकछार की महिला कार्यकताओं ने बताया कि फुलवारी में सब्जी बाड़ी (किचिन गार्डन) लगाई है। जिसमें पालक भाजी, लाल भाजी, मुगलानी भाजी, मैंथी, धनिया, भटा, टमाटर और मिर्ची लगी है। हरी भाजियों को दाल-चावल की खिचड़ी के साथ पकाकर बच्चों को खिलाते हैं। इसे पोषण आहार में शामिल किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब गांव पहले भी बाड़ी की परंपरा थी, जिसमें कई कारणों से कमी आ रही थी, लेकिन अब नियमित रूप लोगों ने बाड़ी पर ध्यान देना शुरू किया है। उन्होंने खुद उनके घर में सब्जी बाड़ी लगाई थी। जिन्हें बेचकर अच्छी आमदनी भी हुई। उनकी सब्जी बाड़ी में बोहार भाजी, कांदा भाजी, जाल भाजी, पालक भाजी, कांदा भाजी लगी थी। वैसे भी छत्तीसगढ़ में हरी भाजियों की बहुतायत होती है। यहां जंगल व गांव के आसपास भी कई प्रकार की हरी पत्तीदार भाजियां मिलती हैं। इसके साथ, उनकी बाड़ी में आलू, प्याज, तिवड़ा और बटरा भी था। इसके अलावा, उन्होंने बाड़ी में फलदार पेड़ भी लगाए हैं- जैसे अमरूद, अनार, आम, केला, नींबू, पपीता, नारियल, कटहल इत्यादि। उन्होंने बताया कि वे देसी बीजों से सब्जी उत्पादन करते हैं। अपनी फसलों से खुद बीज बचाकर रखते हैं और उगाते हैं। इसके साथ ही पूरी तरह जैविक तरीके से सब्जी खेती करते हैं। इसमें किसी भी प्रकार का रासायनिक खाद व जहरीले कीटनाशकों का उपयोग नहीं करते हैं। गाय के गोबर खाद को डालते हैं। और कीट लगने पर राख व पके हुए चावल के पानी का छिड़काव करते हैं। संस्था ने लघु गोबर गैस प्लांट को भी प्रोत्साहित किया है। शुरूआत में संस्था के परिसर व बम्हनी नामक गांव में इस प्लांट को लगाया है। इसमें संस्था के परिसर का प्लांट मैंने देखा था। इस प्लांट में मवेशियों के गोबर से उपयोग से रसोई गैस चलती है। इससे जो जैव खाद बनती है, उसे वे किचिन गार्डन व खेतों में उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। इस प्लांट की लागत भी 7-8 हजार रूपए है, इसे सरलता से बनाया जा सकता है। इसके अलावा, पशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए भी संस्था की तरफ से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे गोबर खाद भी मिलती है। और इसे किचिन गार्डन में इस्तेमाल किया जाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक **''गिलेडविन मसीह''** के लिए **''बुलंद मंज़िल''** हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।
**PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122**

CMYK

# खबर का असरः दोबारा सील हुई झोलाछाप की क्लीनिक, कार्रवाई की तैयारी तेज



दोबारा से सीएचसी प्रभारी ने झोलाछाप की क्लीनिक को किया सील


सील सिर्फ दिखावा हफ्तेभर में फिर खुली झोलाछाप की दुकान

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई सील के बाद मौके पर खुली झोलाछाप की क्लीनिक

प्रकाशित खबर के बाद एक्शन आया स्वास्थ्य विभाग

**दैनिक बुलंद मंज़िल/ जितेंद्र यादव**

**अमरोहा।** रविवार को प्रकाशित खबर का असर तुरंत देखने को मिला, जब सीएचसी प्रभारी ने अवैध रूप से संचालित झोलाछाप क्लीनिक पर दोबारा कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। मामला हसनपुर क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर भीमा का है, जहां एक युवक द्वारा बिना मान्यता के क्लीनिक संचालित किए जाने की शिकायत पहले भी सामने आ चुकी थी।

गौरतलब है कि दैनिक बुलंद मंज़िल अखबार ने हाल ही में इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसमें बताया गया था कि एक सप्ताह पहले सील की गई क्लीनिक को झोलाछाप ने दोबारा खोल लिया और नए सिरे से मेडिकल का बैनर लगाकर मरीजों का इलाज शुरू कर दिया। खबर सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. ध्रुव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रविवार सुबह टीम के साथ गांव पहुंचकर क्लीनिक पर दोबारा सील लगा दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार मामले में सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी और संबंधित झोलाछाप के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बताया जाता है कि गांव ओगपुरा निवासी राकेश ने इस अवैध क्लीनिक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उक्त युवक बिना किसी डिग्री के मरीजों का इलाज कर उनकी जान से खिलवाड़ कर रहा है। पहले की कार्रवाई के बावजूद क्लीनिक का दोबारा खुलना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहा था। फिलहाल, ताजा कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप का माहौल है और स्वास्थ्य विभाग ने साफ संकेत दे दिए हैं कि अवैध चिकित्सकीय गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# चाइनीज मांझा बेचोगे तो खैर नहीं, कोतवाली में सख्त फरमान





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**डिडौली ब्यूरो।** पतंगबाजी के शौक में जानलेवा बन चुके चाइनीज मांझे के खिलाफ डिडौली पुलिस ने अब सख्त रुख अपना लिया है। कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक में पतंग व मांझा विक्रेताओं को साफ शब्दों में चेताया गया कि प्रतिबंधित मांझे की बिक्री या इस्तेमाल करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कोतवाली निरीक्षक जितेंद्र बालियां ने बैठक के दौरान कहा कि चाइनीज मांझा सिर्फ एक खेल का सामान नहीं, बल्कि यह ह्यमौत का जालह्न बन चुका है। आए दिन इससे गले कटने, सड़क दुर्घटनाओं और पक्षियों की दर्दनाक मौत के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे केवल वैध और सुरक्षित मांझा ही बेचें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। पुलिस ने आम लोगों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अगर कहीं भी चाइनीज मांझे की बिक्री या उपयोग होता दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा, जिससे लोग बिना डर के आगे आ सकें। बैठक में नाबालिग बच्चों के अभिभावकों को भी विशेष रूप से बुलाकर जागरूक किया गया। उन्हें समझाया गया कि बच्चों की सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी है और वे उन्हें ऐसे खतरनाक मांझे से दूर रखें। इस दौरान शिवनारायण सिंह, सतवीर सिंह, संदीप, योगेश कुमार, सचिन कुमार, फारूक हुसैन, महमूद सहित कई लोग मौजूद रहे। वहीं एसएसआई नरेंद्र कुमार व उपनिरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह, कमल सिंह, प्रवीण कुमार और वीरेंद्र कुमार ने भी बैठक में भाग लिया। पुलिस की इस सख्ती के बाद क्षेत्र में चाइनीज मांझे के खिलाफ माहौल गरमाता नजर आ रहा है और लोगों में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बिरयानी के लेग पीस पर बवालः शादी समारोह में जमकर चली कुर्सी , कई घायल





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक शादी समारोह उस समय हंगामे में बदल गया, जब बिरयानी में लेग पीस को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। शनिवार शाम करीब 6 बजे हसनपुर नगर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित इस समारोह में गांव हैबतपुर बंजारा से आई बरात शामिल थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खाना परोसने के दौरान बारातियों और घरातियों के बीच लेग पीस को लेकर कहासुनी शुरू हुई। शुरूआत में मामूली तकरार रही, लेकिन देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई। गुस्साए लोगों ने एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दीं, जिससे पूरा बैंक्वेट हॉल रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। हंगामे के दौरान कुछ लोग पानी के फिल्टर तक उठाकर हमला करने के लिए दौड़ पड़े। अचानक भड़की इस हिंसा से मौके पर अफरातफरी मच गई और भगदड़ जैसे हालात बन गए। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। कई मेहमानों ने खुद को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, जबकि कुछ लोग बीच-बचाव करने की कोशिश करते रहे, लेकिन उग्र भीड़ के सामने किसी की नहीं चली। इसी बीच, वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह लोग आपा खोकर एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंक रहे हैं और मारपीट कर रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचार्एं हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शादी जैसे खुशियों भरे अवसर पर इस तरह की हिंसा सामाजिक माहौल को प्रभावित करती है और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# युवती को बहला-फुसलाकर ले गया युवक, परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से युवती के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 27/28 मार्च 2026 की रात करीब 3 बजे उनकी 19 वर्षीय को कोतवाली क्षेत्र के गांव बोनावाली डगरौली गांव निवासी युवक गोपाल पुत्र डालचंद बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित पिता के अनुसार, घटना के बाद उन्होंने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन पुत्री का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद उन्होंने आरोपी युवक के घर जाकर उसके परिजनों से जानकारी ली, लेकिन वहां भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोप है कि इस दौरान आरोपी के परिजन विजेंद्र व बुद्धा ने गाली-गलौज करते हुए अनभिज्ञता जताई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित ने कोतवाली हसनपुर पहुंचकर लिखित तहरीर दी और पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और युवती की तलाश के लिए टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जल्द ही युवती को सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# स्वयंसेवकों पर बरसे फूल, देशभक्ति के रंग में रंगा माहौल







**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** रविवार को राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में एक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष शोभित शर्मा ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा निकाले गए पथ संचलन का भव्य स्वागत किया गया। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और सम्मान का माहौल देखने को मिला। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और स्वयंसेवकों के अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना की सराहना की। जिलाध्यक्ष शोभित शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, संस्कार और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी कार्यकताओं और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नन्दन त्यागी, नितिन शर्मा, मुकुल, प्रियांशु, विशाल शर्मा, अतुल शर्मा, हिमांशु शर्मा, लोकेश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# हसनपुर में अंबेडकर जयंती की अनुमति लटकी, पदाधिकारियों में रोष



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह की अनुमति अब तक जारी न होने से सामाजिक संगठनों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर की एक अहम बैठक रहरा अड्डा स्थित कोर कमेटी अध्यक्ष जयपाल सिंह के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई, जिसमें प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए। बैठक में बताया गया कि समिति द्वारा 26 फरवरी 2026 को उपजिलाधिकारी हसनपुर को कार्यक्रम की अनुमति के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन एक माह से अधिक समय बीतने के बावजूद कोई निर्णय नहीं लिया गया। जबकि 27 फरवरी को ही बिजली विभाग और फायर विभाग द्वारा अनुमति प्रदान कर दी गई थी। इसके अलावा समिति ने 6 मार्च को नगर पालिका परिषद में अंबेडकर पार्क की साफ-सफाई और मरम्मत के लिए भी पत्र दिया था। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि 10 मार्च को प्रभारी निरीक्षक हसनपुर को पूरी पत्रावली सौंपी गई थी और कई बार व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से भी अनुमति के लिए अनुरोध किया गया। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। 15 मार्च को कोतवाली में और 16, 17 व 23 मार्च को संबंधित अधिकारियों के समक्ष भी पक्ष रखा जा चुका है। बैठक में यह भी मुद्दा उठा कि समिति के गठन को लेकर पहले दो गुटों में विवाद था, जिसे समाज के प्रबुद्ध लोगों ने पंचायत के माध्यम से सुलझाया। सर्वसम्मति से दिनेश कुमार गौतम को अध्यक्ष चुना गया, लेकिन आरोप है कि एक व्यक्ति विशेष अब भी माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है और उसी के दबाव में प्रशासन अनुमति देने में देरी कर रहा है। जयपाल सिंह ने कहा कि यह पूरे समाज के मान-सम्मान से जुड़ा मामला है। यदि शीघ्र अनुमति जारी नहीं की गई तो समिति का प्रतिनिधिमंडल लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से शिकायत करेगा। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और समाज के लोग मौजूद रहे।

# चार माह की गर्भवती विवाहिता से दहेज को लेकर मारपीट, हत्या की कोशिश का आरोप




**दैनिक बुलंद मंज़िल**


**हसनपुर ब्यूरो।** कोतवाली क्षेत्र से दहेज उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। कोतवाली हसनपुर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुर भूड़ निवासी शिवानी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी लगभग चार माह पूर्व ग्राम मंगरौला निवासी शिवांग के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग–सास, ससुर, जेठ, ननद और पति–दहेज में एक लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे थे।

पीड़िता का कहना है कि मांग पूरी न करने पर उसके साथ आए दिन गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी, साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी जाती थी। शिवानी ने आरोप लगाया कि बीते 25 मार्च 2026 को पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने मिलकर उसके साथ लाठी-डंडों और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की। इस दौरान उसके पति ने कथित रूप से उसका गला दबाकर हत्या का प्रयास भी किया।

पीड़िता ने यह भी बताया कि वह करीब चार माह की गर्भवती है, इसके बावजूद उसके पेट पर भी लात-घूंसों से हमला किया गया। घटना के बाद उसने 26 मार्च को मेडिकल परीक्षण कराया। शिवानी के अनुसार परिवार द्वारा कई बार समझौते की कोशिश की गई, लेकिन ससुराल पक्ष अपनी मांगों पर अड़ा रहा। अंततः पीड़िता ने 28 मार्च को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना हसनपुर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रिबोर के नाम पर निकले पैसे, लेकिन सूखा पड़ा शौचालय का सिस्टम




**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा ब्यूरो।** गंगेश्वरी विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरसा कलां में विकास कार्यों की हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। यहां सामुदायिक शौचालय परिसर में लगे हेड पंप के रिबोर के नाम पर करीब 29,400 रुपये की धनराशि बीते 18 अक्टूबर को ग्राम पंचायत से निकाली गई, लेकिन जमीनी स्थिति इससे बिल्कुल उलट नजर आई। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि समरसेबल पंप पूरी तरह बंद पड़ा है और पाइप भी अलग हटाकर किनारे रखा हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सामुदायिक शौचालय में पानी की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय की हालत भी खस्ता होती जा रही है और बिना पानी के इसका उपयोग लगभग बंद जैसा हो गया है। ऐसे में रिबोर के नाम पर निकाली गई धनराशि ने पूरे मामले को संदेह के घेरे में खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कागजों में काम पूरा दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। उनका कहना है कि यदि वास्तव में रिबोर कराया गया होता, तो कम से कम समरसेबल चालू स्थिति में होता। लेकिन वर्तमान स्थिति साफ तौर पर लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रही है।

गांव के कई लोगों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। उनका कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर आकर स्थिति का निरीक्षण करना चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने यह भी मांग की कि सामुदायिक शौचालय को जल्द से जल्द चालू कराया जाए ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा मिल सके। यह मामला सिर्फ एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की पारदर्शिता और निगरानी पर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है। अगर समय रहते इस तरह की अनियमितताओं पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या ग्रामीणों को न्याय मिल पाता है या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। इस मामले में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी।

# हसनपुर के पिपलौती कला में युवक की निर्मम हत्या, पत्नी हिरासत में





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती कला में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। यहां 30 वर्षीय युवक मेहराज चौधरी, पुत्र मोमीन की अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के समय मृतक अपने घर के बरामदे में चारपाई पर सो रहा था, जबकि पास ही उसकी पत्नी रूही अपने छोटे बेटे अली के साथ सो रही थी और बड़ा बेटा फरमान पिता की चारपाई पर ही मौजूद था। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने पहले मेहराज के हाथ-पैर बांधे और फिर बेरहमी से उसका गला रेत दिया। शरीर पर गर्दन, पेट, हाथ और पैरों पर गहरे जख्मों के निशान मिले हैं, जो हमले की क्रूरता को बयां करते हैं। घटना के समय घर में मौजूद परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी, जिससे मामला और भी रहस्यमय हो गया है। घटना के बाद पत्नी रूही ने पुलिस को बताया कि कुछ बदमाश घर में घुसे थे, जिन्होंने उसका मुंह दबाकर कुंडल और मोबाइल लूट लिया। वहीं, मृतक के पिता मोमीन ने अलग बयान देते हुए कहा कि सुबह जब वह मौके पर पहुंचे तो बहू रूही सो रही थी और बेटे का शव खून से लथपथ चारपाई पर पड़ा था। दोनों बयानों में विरोधाभास सामने आने से पुलिस को शक गहराता नजर आ रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार तिवारी और अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। नौगांव सादात क्षेत्राधिकारी अवधभान सिंह भदोरिया ने भी मौके का निरीक्षण किया। परिजनों के अनुसार, मेहराज और उसकी पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। मृतक की चाची इसरेरीन ने बताया कि वह पिछले चार दिनों से उनके घर पर ही खाना खा रहा था और दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती रहती थी। ग्रामीणों का कहना है कि वारदात के समय गांव में तेज आवाज में डीजे बज रहा था, जिससे संभवतः मेहराज की चीखें दब गईं। इस घटना से गांव में शोक और भय का माहौल है। मृतक के दो मासूम बेटे, फरमान (4 वर्ष) और अली (3 वर्ष) के सिर से पिता का साया उठ गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मृतक की पत्नी रूही को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# घर-घर पहुंची शक्ति दीदी : जागरूकता की चिंगारी से महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास




**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**आदमपुर ब्यूरो।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना आदमपुर क्षेत्र में शक्ति दीदी टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।


अभियान के तहत ग्राम आदमपुर में टीम ने घर-घर जाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान शक्ति दीदी टीम ने पैम्पलेट वितरित कर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 181 आदि की जानकारी दी और जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए टीम ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया फ्रॉड जैसे मामलों से बचाव के तरीके भी विस्तार से समझाए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस से बेझिझक संपर्क करने की अपील की गई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने अधिकारों के प्रति सजग होती हैं। पुलिस का यह प्रयास क्षेत्र में महिला सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

# महिला मोर्चा में नई नियुक्तियां, संगठन ने जताई खुशी

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ में महिला मोर्चा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। दिनांक 27 मार्च 2026 को संघ के प्रदेश महासचिव जमशेद शरीफ की संस्तुति पर दो शिक्षिकाओं को जिला स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्राथमिक विद्यालय भैडा भरतपुर, विकास क्षेत्र अमरोहा में कार्यरत प्राध्यापिका नसरीन फात्मा को जिला संयोजिका (महिला मोर्चा) पद पर मनोनीत किया गया है। वहीं, प्राथमिक विद्यालय चौक, अमरोहा नगर में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत तजीन रफत को जिला सहसंयोजिका (महिला मोर्चा) की जिम्मेदारी दी गई है।


नसरीन फात्मा


तजीन रफत

इन नियुक्तियों के बाद संगठन में उत्साह का माहौल है। पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने दोनों नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में महिला मोर्चा और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनेगा। प्रदेश महासचिव जमशेद शरीफ ने कहा कि संगठन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना प्राथमिकता है, जिससे शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जा सके। उन्होंने दोनों पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। संगठन के अन्य सदस्यों ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्तियां महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# किस्तों का सपना दिखाकर ठगे लाखों, पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा ब्यूरो।** जनपद में धोखाधड़ी और रकम हड़पने का एक मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना अमरोहा नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित आमिर पुत्र मोहम्मद अली निवासी मोहल्ला लकड़ा इकरार नगर, थाना अमरोहा नगर ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके साथ दो लाख रुपये की ठगी की गई है। प्रार्थी के अनुसार उसने अपनी बोलेरो गाड़ी (मॉडल 2022) विपक्षी मोहम्मद शहजाद पुत्र मशतारून निवासी ग्राम नारंगपुर, पोस्ट जोया,




तहसील व जिला अमरोहा को दी थी। इस सौदे के तहत विपक्षी ने दो लाख रुपये देने और चार साल नौ माह तक प्रति माह 20 हजार रुपये देने का आश्वासन दिया था। आरोप है कि विपक्षी ने न तो तय रकम का भुगतान किया और न ही मासिक किस्तें दीं।

पीड़ित का कहना है कि उसने एक लाख रुपये बैंक खाते के माध्यम से तथा एक लाख रुपये नकद विपक्षी को दिए थे, लेकिन इसके बावजूद उसे एक भी रुपया वापस नहीं मिला। जब उसने पैसे वापस मांगे तो विपक्षी टालमटोल करता रहा और अब साफ तौर पर भुगतान करने से इनकार कर रहा है।

प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह पैसे की मांग को लेकर विपक्षी के घर पहुंचा तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। विपक्षी ने कथित तौर पर कहा कि वह पैसे नहीं देगा और जो करना हो कर ले, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इस तरह की धमकियों से प्रार्थी और उसका परिवार भयभीत है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना अमरोहा नगर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित को न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं, इस घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग ऐसे मामलों में सतर्क रहने की बात कह रहे हैं।

# वारंटी अभियुक्त विवेक गिरफ्तार, गैंगस्टर एक्ट में चल रहा था वांछित

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अमरोहा देहात पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अखिलेश भदौरिया व क्षेत्राधिकारी नौगांवा सादात अवधभान सिंह भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक शोकेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए विवेक पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम पृथ्वीपुर कला थाना अमरोहा देहात को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा संख्या 70/26, अपराध संख्या 01/2024 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है और वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त की न्यायालय में पेशी की तारीख 1 अप्रैल 2026 निर्धारित थी, जिसे ध्यान में रखते हुए उसे समय रहते गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए न्यायालय सीजेएम अमरोहा के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी।

# मरीजों की पीड़ा बनी कंटेंट, झोलाछाप को चढ़ा वायरल होने का जुनून

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बछरायूं ब्यूरो।** क्षेत्र के गांव ढ्योटी में एक झोलाछाप डॉक्टर इन दिनों मरीजों का इलाज कम और सोशल मीडिया पर रील बनाने में ज्यादा व्यस्त नजर आ रहा है। आरोप है कि उक्त झोलाछाप मरीजों के साथ इलाज के दौरान वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल रहा है, जिससे न सिर्फ मरीजों की गोपनीयता भंग हो रही है बल्कि उनकी सेहत के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव में लंबे समय से यह क्लीनिक संचालित हो रही है, लेकिन हाल के दिनों में झोलाछाप का ध्यान इलाज से हटकर फेमस होने पर केंद्रित हो गया है। मरीजों का कहना है कि इलाज के दौरान बिना अनुमति उनके वीडियो बनाए जाते हैं और उन्हें रील के रूप में अपलोड किया




जाता है। कई बार तो मरीजों की गंभीर स्थिति को भी कंटेंट बनाकर दिखाया जाता है, जो बेहद आपत्तिजनक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि झोलाछाप की इस हरकत से गांव की छवि भी खराब हो रही है और मरीज इलाज कराने से कतराने लगे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि ऐसे झोलाछाप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और क्लीनिक को बंद कराया जाए।

बताया जा रहा है कि इससे पहले भी इस क्लीनिक को लेकर शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और मरीजों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाता है।

# मिशन शक्ति के तहत दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**मंडी धनौरा ब्यूरो।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मण्डी धनौरा पुलिस को अहम सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी मण्डी धनौरा अंजली कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत पुलिस टीम ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में महेश पुत्र चन्दू उर्फ चन्द्रपाल निवासी ग्राम अम्हैडा तथा कृष्णवीर पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम अम्हैडा शामिल हैं। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज थे और वे लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे।




पुलिस के अनुसार महेश पर मारपीट और गम्भीर चोट पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगी थीं, जबकि कृष्णवीर पर घर में घुसकर मारपीट व धमकी देने का आरोप है। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। थाना मण्डी धनौरा पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ ही अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# धनौरा में पुलिस का ऑपरेशन, चार आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**मंडी धनौरा ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में एंटीरोमियो टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मु0अ0सं0 107/2026 धारा 296 बीएनएस के तहत की गई, जिसमें शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने तत्परता दिखाई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भादौरिया के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह के नेतृत्व में एंटीरोमियो टीम सक्रिय रही।




मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत थाना मंडी धनौरा पुलिस द्वारा पंजीकृत मुकदमे में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में चन्द्रशेखर पुत्र अशोक , शिम्पू पुत्र अशोक,कौशल पुत्र हरपाल तथा केवी सिंह पुत्र हरपाल शामिल हैं। सभी आरोपी ग्राम वसी मुस्तकम, थाना मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा के निवासी हैं। पुलिस ने चारों अभियुक्तों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर लिया है। सभी को न्यायालय एसडीएम धनौरा के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने का संदेश गया है।

# रहरा पुलिस की कार्रवाई : 20 फ्रूटी अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा ब्यूरो।** थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के पर्यवेक्षण में की गई।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी एवं प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान के नेतृत्व में थाना रहरा पुलिस टीम ने ग्राम रहरई निवासी वकील पुत्र महीपाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 गत्ता फ्रुटी अवैध देशी शराब बरामद की।

पुलिस के अनुसार, आरोपी काफी समय से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त था और क्षेत्र में इसकी आपूर्ति करता था।



गिरफ्तारी के बाद थाना रहरा पर मु0अ0सं0 81/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है, ताकि अवैध शराब के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान कर कार्रवाई की जा सके। क्षेत्र में इस कार्रवाई के बाद अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# समिति ने बैठक का आयोजन कर आगामी कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के विषय में किया विचार विमर्श



**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।** श्री नारायण सेवा समिति (रजि.), चंदौसी की एक आवश्यक बैठक आज ब्रजनगर स्थित भोलेनाथ भवन में आयोजित हुई। जिसमें समिति के आगामी कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के विषय में गहन विचार विमर्श किया गया । बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए अध्यक्ष सुभाष चंद्र वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि अपरिहार्य कारणों से गत पर्याप्त समय से समिति द्वारा गतिविधियां नहीं हो सकी, अब सर्व सम्मति से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करनी है । प्रबंधक हरीश कठेरिया ने बताया कि अगले महीने से समिति की पत्रिका 'कविशा' का प्रकाशन करने की योजना है जिसमें चंदौसी और आसपास के क्षेत्रों के नामचीन और विभिन्न क्षेत्रों में ख्यातिलब्ध हस्तियों को प्रमुखता से स्थान दिया जाएगा । डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता स्थगित हुई है, अब अगली कला प्रतियोगिता की तैयारी भली प्रकार होनी चाहिए । विपिन बालाजी ने कहा कि समिति का ध्यान स्वच्छ जल बचत के लिए केंद्रित होना बहुत जरूरी है । पूर्व प्रधानाचार्य एवं मुख्य वक्ता दृगपाल सिंह ने कहा कि पर्यावरण के लिए अब सबको अधिक सचेत हो जाना चाहिए और पौधों और वृक्षों के संरक्षण-संवर्धन पर ध्यान दें । डॉ. डी. के. अग्निहोत्री ने कहा कि समिति के कार्यों में हम सबको समान और सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए तथा नए-नए सामाजिक हित के कार्य करते रहना चाहिए । इसके अतिरिक्त के. जी. गुप्ता, मुकुंद अग्रवाल, श्यामसुंदर दुबे आदि ने भी समाज में चल रहे वर्तमान घटनाक्रमों पर भी अपने विचार व्यक्त किए । अध्यक्षता कृष्णगोपाल गुप्ता ने की तथा संचालन डॉ. जय शंकर दुबे ने किया ।

# धुरेकी मुड़िया पर हुआ भोज रिसोर्ट एवं रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ







**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।** बिसौली बदायूं रोड स्थित धुरेकी मुड़िया पर भोज रिसोर्ट एवं रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता,भाजपा प्रचारक सुधांशु,मंत्री मंजू दिलेर व विधायक कुशाग्र सागर ने फीता काटकर किया। वही जिलाध्यक्ष में बताया की इस रोड पर आसपास इस तरह का रिसोर्ट बना हुआ नहीं है आसपास के लोगों को यहां से काफी लाभ मिलेगा। छोटे बड़े कार्यक्रमों के लिए बिसौली व चंदौसी जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस दौरान रिसोर्ट संचालक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यहां की जनता के लिए अपने कार्यक्रमो को काफी दूर जाना पड़ता था। अब उन्हें यहां रहकर ही सारी सुविधाएं मिलेंगी और परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा। शुभारंभ के दौरान वृंदावन से आयी हरे कृष्णा हरे राम की भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया और वहां के माहौल को वृंदावन के माहौल में तब्दील कर दिया। रिसोर्ट मे लोगों को वृंदावन जैसा आनंद का अनुभव प्राप्त हुआ। और सभी श्याम भक्त हरे कृष्णा हरे राम की धुन पर झूमते नजर आए। इस दौरान संचालक आदित्य गुप्ता विजय गुप्ता साक्षी गुप्ता के साथ सहयोगी महेंद्र पाल मैदा वाले राजन वार्ष्णेय, सोनू वार्ष्णेय कार्यक्रम में उपस्थित रहने वालेदुर्गेश वार्ष्णेय, प्रदीप गुप्ता, मनीष गुप्ता, वैभव शर्मा, दर्पण गुप्ता, शिवा मिश्रा, मोनू गुप्ता, मनोज वार्ष्णेय, विजय प्रकाश गुप्ता, दीपाली गुप्ता, राकेश कुमार अग्रवाल, हेमंत वालाजी, मोहित वार्ष्णेय, उत्कर्ष राज वार्ष्णेय, पुष्कर राज वार्ष्णेय, तरुण वार्ष्णेय, वरुण वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# सम्भल की बेटी यासमीन निगार वनी यूपीपीएससी में नर्सिंग अधिकारी

## मेरठ मेडिकल कॉलेज में मिली नर्सिंग अधिकारी के पद पर जॉइनिंग




**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**सम्भल।** सम्भल जनपद की यासमीन निगार ने यूपीपएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में चयनित होकर नर्सिंग अधिकारी के पद पर जगह पाई है।

जिससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। संभल के असमोली विकासखंड के मनोटा गांव से निकली यासमीन निगार ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित हुई परीक्षा में चयनित होकर अधिकारी बन गई हैं। जहां यासमीन निगार को मेरठ मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग अधिकारी के पद पर नियुक्ति दी गई है। यासमीन निगार संभल जनपद की अकेली छात्रा हैं, जिन्हें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कराई गई परीक्षा में नर्सिंग अधिकारी के पद पर जगह मिली है। यासमीन निगार की सफलता से पूरे जनपद में जहां खुशी का माहौल है तो वहीं उसके गांव में भी खुशी का माहौल है। वही यासमीन निगार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया है।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक में दिए सख्त दिशा निर्देश

## परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर अद्यतन प्रगति पोर्टल पर अपलोड करने पर जोर



**बुलंद मंज़िल उप जिला प्रभारी मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधूरी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा उनकी अद्यतन स्थिति समयबद्ध तरीके से पोर्टल पर अपलोड की जाए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्रत्येक विभाग की जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से परियोजनाओं की निगरानी करें और प्रगति रिपोर्ट को पारदर्शी तरीके से अपडेट करें, ताकि आम जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।बैठक में विभिन्न विभागों–जैसे लोक निर्माण, जल निगम, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों की जानकारी ली और जहां प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, वहां संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी भी दी।उन्होंने यह भी कहा कि सीएम डैशबोर्ड केवल एक समीक्षा माध्यम नहीं, बल्कि शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने का महत्वपूर्ण उपकरण है। इसलिए सभी विभाग सुनिश्चित करें कि डाटा समय पर और सही तरीके से अपलोड हो, ताकि योजनाओं की वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से सामने आ सके।बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने और जनपद के विकास को गति देने का आह्वान किया। बैठक सभी कई विभागों के अधिकारियों गण उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार,लोहे की रॉड बरामद



**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**बिजनौर / मंडावली।** क्षेत्र में पति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद की गई है।जानकारी के अनुसार शनिवार को वादिनी ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि गांव काशीरामपुर निवासी भोलू ने उसके पति पर लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।रविवार को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी भोलू पुत्र कर्मवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त लोहे की पंखे की रॉड भी बरामद की है।पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं।

# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**बिजनौर / स्योहारा।** क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ और धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।बताया गया कि आरोपी सुहेल पुत्र सैय्याद अहमद निवासी महमूदपुर ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की।विरोध करने पर आरोपी ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने थाना स्योहारा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करते हुए रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार स्योहारा




**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**स्योहारा।** क्षेत्र में किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।पीड़िता की मां की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था।

शुक्रवार को वादिनी ने थाना स्योहारा में शिकायत दर्ज कराई कि साहिल उर्फ वीर कुमार निवासी मोहल्ला मिल्कियान उसकी पुत्री का पीछा करता था और रास्ता रोककर उसके साथ छेड़छाड़ करता था।घटना के बाद पीड़िता के परिवार में आक्रोश व्याप्त हो गया।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।कार्रवाई करते हुए रविवार को थाना स्योहारा पुलिस ने आरोपी साहिल उर्फ वीर कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# वाहन में आग लगाने की साजिश का तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार



**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**किरतपुर।** वाहन में आग लगाने के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।इससे पहले इस प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।करीब 20 दिन पहले वादी ने थाना किरतपुर में तहरीर देकर बताया था कि 4 मार्च को अज्ञात व्यक्ति ने उसकी गाड़ी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी थी।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और क्रमश,आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई की।पुलिस ने 12 मार्च को अबुजर शमीम राईन और 20 मार्च को जैद पुत्र रहीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी कड़ी में रविवार को विवेचना के दौरान तीसरे आरोपी मन्नान पुत्र अनीस निवासी मोहल्ला लुकमानपुरा,किरतपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।उसके कब्जे से घटना से संबंधित एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पेंटिंग का कार्य करता है और अपने मित्र जैद के संपर्क में था।जैद ने उसे एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा,जिसमें कुछ अन्य लोग भी शामिल थे।ग्रुप में भड़काऊ वीडियो और संदेश साझा किए जाते थे तथा वाहनों में आग लगाने के लिए उकसाया जाता था और इसके बदले पैसे का लालच दिया जाता था।आरोपी के अनुसार,जैद के कहने पर अबुजर ने किरतपुर में एक पिकअप वाहन में आग लगाई थी।वह स्वयं भी ऐसी घटना करने की योजना बना रहा था,लेकिन मौका नहीं मिलने के कारण वारदात नहीं कर सका।पुलिस से बचने के लिए उसने अपने मोबाइल का डेटा डिलीट कर दिया और टेलीग्राम ऐप भी हटा दिया था।गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार इधर उधर छिपता फिर रहा था।

# भाई के साथ दवा लेकर लौट रही अधेड़ महिला की मौत

## बिना किसी कार्यवाही के महिला का किया गया अंतिम संस्कार



मृतक महिला का फाइल फोटो

**भूरे सिंह यादव/ बुलंद मंज़िल**

संभल सौंधन कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन गांव में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। वह अपने भाई के साथ दवा लेकर वापस लौट रही थी।तभी रास्ते में बाइक व वैल गाड़ी की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, सौंधन गांव निवासी सोमकली (65), पत्नी हरिचंद प्रजापति, शनिवार को अपने भाई बलवीर के साथ बाइक से अमरोहा जनपद के आदमपुर दवा लेने गई थीं। देर शाम दोनों वापस गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे सौंधन गांव के पास एक आदमपुर संभल मार्ग पर गैस एजेंसी के नजदीक पहुंचे, सामने से आ रहे ट्रक को साइड देते समय उनकी बाइक आगे चल रही वैल गाड़ी से से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर पीछे बैठी महिला सोमकली सड़क पर गिर गई और उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए सम्भल ले गए हालात नाजुक देखते हुए मुरादाबाद ले गए।जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

महिला की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया की इस मामले की कोई जानकारी मेरे संज्ञान में नहीं है अगर कोई जानकारी मिलती है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# सुसाइड वीडियो से खुला राज, चांदपुर आत्महत्या कांड में दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार, पैसों के लेन-देन ने ली युवक की जान



**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर/थाना** चांदपुर क्षेत्र में हुए सनसनीखेज आत्महत्या कांड में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए वांछित दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। मृतक युवक द्वारा सुसाइड से पहले बनाए गए वीडियो ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए दो व्यक्तियों को जिम्मेदार ठहराया था।

मामले के अनुसार, थाना चांदपुर में दर्ज तहरीर में बताया गया था कि सुलेमान और त्यागी नामक व्यक्तियों द्वारा उसके पुत्र को रुपयों के लेन-देन को लेकर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पहले युवक ने अपने मोबाइल फोन में एक वीडियो रिकॉर्ड कर आरोपियों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया, जो जांच में अहम साक्ष्य बना।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा संख्या 60/2026 धारा 108 बीएनएस व 3(2)(शं) एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पहले ही 28 फरवरी 2026 को मुख्य आरोपी सुलेमान पुत्र इकबाल निवासी औखला, दक्षिण दिल्ली (स्थाई पता ग्राम सिकरिया, थाना नौगावा सादात, जिला अमरोहा) को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

अब फरार चल रहे दूसरे आरोपी सुरेश चन्द्र त्यागी पुत्र स्वर्गीय जयपाल सिंह निवासी ग्राम नंगला आक्खू, थाना निवाड़ी, जिला गाजियाबाद को भी थाना चांदपुर पुलिस ने 29 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरस्वरूप शर्मा के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल विपिन खोखर और कृष्णपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस पूरे मामले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि आर्थिक लेन-देन को लेकर होने वाला मानसिक उत्पीड़न कितना घातक हो सकता है। पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि ऐसे मामलों में दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# चांदपुर में श्री गणेश फास्ट फूड में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख , शॉर्ट सर्किट बना कहर



**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।थाना** चांदपुर क्षेत्र में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बाजार स्थित एक फास्ट फूड की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दुकान के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। घटना मोहल्ला काजीजादगान में एमएम इंटर कॉलेज जाने वाले मार्ग से पहले कोने पर स्थित श्री गणेश फास्ट फूड की है। यह दुकान राजीव नामक व्यक्ति द्वारा संचालित की जाती है। जानकारी के अनुसार, रोज की तरह राजीव रात में दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। बताया जा रहा है कि सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान से धुआं उठता देखा, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत दुकान मालिक राजीव को सूचना दी। मौके पर पहुंचे राजीव ने देखा कि दुकान के साथ-साथ उसकी ऊपरी मंजिल में भी आग धधक रही थी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एक फायर टेंडर की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था।

दुकान संचालक राजीव ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। इस हादसे में करीब 2 से 2.5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि घटना रात के समय हुई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार क्षेत्र में बिजली व्यवस्था की नियमित जांच कराई जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। समय रहते मिली सूचना से टली बड़ी अनहोनी, लेकिन नुकसान ने व्यापारी की कमर तोड़ी।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक, सुरक्षा व योजनाओं की दी जानकारी




**बुलंद मंजिल- ब्यूरो**

**मुरादाबाद**। महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत जनपद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ गोष्ठी कर उन्हें उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी अवगत कराया गया, जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाएं 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। महिला सुरक्षा दल ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए और जागरूकता पंपलेट वितरित किए।

## रेलवे कॉलोनी में बंद मकान को बनाया निशाना, लाखों के जेवर-नकदी पर हाथ साफ

**बुलंद मंजिल-सलमान यूसुफ**

**मुरादाबाद**। थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी में बेखौफ चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने एक रेलवे अधिकारी के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय पूरा परिवार हरिद्वार गया हुआ था। ?मुरादाबाद के पॉश इलाके रेलवे कॉलोनी में चोरों के हौसले बुलंद हैं। यहाँ रहने वाले रेलवे में ओ.एस. (डर) पद पर तैनात ए.के. पाल के घर को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ए.के. पाल अपनी पत्नी अरुणा पाल और बेटी शगुन के साथ हरिद्वार के लक्सर में अपनी मौसी के घर सत्यनारायण की कथा में सम्मिलित होने गए थे।



?घर सूना पाकर चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़ा और अंदर दाखिल हो गए। घटना की जानकारी तब हुई जब परिवार वापस लौटा और घर का सामान बिखरा हुआ पाया। पीड़ित के पुत्र यश कुमार पाल, जो नोएडा में एमसीए की पढ़ाई कर रहे हैं, ने बताया कि चोरों ने घर की अलमारी खंगाल कर लगभग 10 से 12 तोले सोने के आभूषण, भारी मात्रा में चांदी और करीब 3 लाख रुपये की नकदी पार कर दी है। ?घटना की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी (उउळश) कैमरों को खंगाल रही है ताकि आरोपियों की शिनाख्त की जा सके। रेलवे कॉलोनी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र में हुई इस वारदात से स्थानीय निवासियों में डर और रोष का माहौल है।

## मुरादाबाद में मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार सम्पन्न, युवाओं में खादी को आधुनिक फैब्रिक के रूप में बढ़ावा देने पर जोर

**बुलंद मंजिल- ब्यूरो**

**मुरादाबाद**। उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार वर्ष-2025-26 का आयोजन क्षेत्रीय श्रीगांधी आश्रम परिसर, मुरादाबाद में किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि रामगोपाल उर्फ गोपाल अंजान सदस्य विधान परिषद्, उ०प्र० तथा ओमप्रकाश गोला प्रजापति राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व उ०प्र० माटीकला बोर्ड उपाध्यक्ष के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गिरीश द्विवेदी जी कुल सचिव गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद तथा मुरादाबाद मण्डल की समस्त खादी संस्थाओं के मंत्री सचिव रहे। खादी सेमिनार में खादी के प्रमोशन, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग विषयों के वक्ता पंकज कुमार, सीनीयर साईंटिफिक ऑफिसर निद्रा गाजियाबाद आनन्द कुमार जी प्रोफेसर हिन्दू कॉलेज डा० मदन मोहन शुक्ला सहा० प्रोफेशर हिन्दू कॉलेज, एवं डा० कीर्ति श्रीवास्तव सहा० प्रोफेशर हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद रहे। खादी सेमिनार में प्रतिभाग मण्डल की समस्त खादी संथाओं के कत्तिन एवं बुनकरों द्वारा बड़ी संख्या 400 से अधिक में प्रतिभाग किया। सेमिनार में तकनीकी एवं व्यवसायिक संस्थ्यनों शिक्षक एवं छात्रों को खादी की पर्यावरण अनुकूल, स्वदेशी, प्राकृतिक एवं सस्टेनेबल फैब्रिक एवं अन्य विशेषताओं के प्रति जागरूक कर खादी को युवा पीढ़ी में आधुनिक फैशन फैब्रिक के रूप में प्रोमोशन ब्रांडिंग एवं व्यापक प्रचार-प्रसार, ग्रामोद्योगी उत्पादों के उपयोग के प्रति जागरूकता खादी तथा ग्रामोद्योग के उद्यमियों को नवाचार से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में आरएस भदौरिया, सहायक लेखाधिकारी, मुख्यालय लखनऊ, मण्डल के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, रामपुर भूपेंद्र सिंह अमरोहा एवं समस्त परिक्षेत्रीय जिला ग्रामोद्योग कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहे।



## सड़क खुदाई से कमजोर नींव, बिलारी में दो मंजिला मकान भरभराकर गिरा—बाल-बाल बचे लोग

**बुलंद मंजिल-सलमान यूसुफ**

**मुरादाबाद**। जनपद में एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां दो मंजिला मकान अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत ये रही कि वक्त रहते घर में मौजूद लोग बाहर निकल आए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना का वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ये तस्वीरें मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के सहसपुर इलाके की हैं, जहां एक दो मंजिला मकान अचानक गिर गया। बताया जा रहा है कि मकान के पास सड़क के लिए खुदाई चल रही थी, जिससे मकान की नींव कमजोर हो गई।पहले मकान की एक दीवार गिरी, इसके बाद लोगों ने लकड़ी का सहारा देकर मकान को बचाने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही मिनटों में पूरा मकान ताश के पत्तों की तरह ढह गया। गनीमत ये रही कि घर में मौजूद सभी लोग समय रहते बाहर निकल आए। वहीं मलबे में फंसे एक मजदूर को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरे हादसे का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



## घरेलू गैस के दुरुपयोग पर प्रशासन सख्त, मुरादाबाद में ढाबों-रेस्टोरेंट्स की जांच

**बुलंद मंजिल-आसिम खान**

**मुरादाबाद**। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए खाद्य विभाग की टीम ने शहर में व्यापक जांच अभियान चलाया। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आनंद प्रभु सिंह और पूर्ति निरीक्षक सत्यजीत सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने विभिन्न रेस्टोरेंट, ढाबों और रेहड़ी-पटरी पर कार्रवाई की।

जांच के दौरान गंज गुरहट्टी स्थित शिव स्वीट्स, गणेश स्वीट्स और गौरव स्वीट्स में व्यावसायिक सिलेंडर पाए गए। दुकानदारों ने बताया कि वे दही, समोसे, जलेबी और मिठाई बनाने के लिए व्यावसायिक गैस का ही उपयोग करते हैं, लेकिन कई जगह सिलेंडर की कमी के चलते काम प्रभावित हो रहा है। ताड़ीखाना स्थित न्यू भारत स्वीट्स पर तीन खाली व्यावसायिक सिलेंडर मिले। संचालक ने बताया कि गैस उपलब्ध न होने के कारण अब डीजल भट्टी का सहारा लिया जा रहा है, जो मौके पर चालू भी मिली।




रेलवे स्टेशन क्षेत्र में हाजी होटल, न्यू हाजी होटल, अग्रवाल भोजनालय, सेठी भोजनालय, वीआईपी रेस्टोरेंट और होटल माहेश्वरी की जांच में अधिकांश स्थानों पर व्यावसायिक सिलेंडर का ही उपयोग पाया गया। कुछ प्रतिष्ठानों ने सिलेंडर की कमी के चलते लकड़ी की भट्टी का इस्तेमाल करना बताया। माहेश्वरी ढाबा में भी लकड़ी की भट्टी पर खाना बनता मिला, जबकि कृष्णा दूध भंडार, लाइनपार में व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग होता पाया गया। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि अभियान लगातार जारी रहेगा। यदि किसी भी प्रतिष्ठान पर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग पाया गया, तो संबंधित के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सर सैय्यद चिल्ड्रेन एकेडमी में रिपोर्ट कार्ड वितरण, सोनी ने किया टॉप




**बुलंद मंजिल-संवाददाता**

**मुरादाबाद**। सर सैय्यद एसोसिएशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चल रहे फ्री स्कूल, सर सैय्यद चिल्ड्रेन एके-डमी के छात्रों को रिपोर्ट कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन किया, स्कूल मे थर्ड क्लास की सोनी ने टॉप किया फर्स्ट आने वाले छात्रों के नाम - अहिल, शायना, समद, सोनी, रहनुमा, अलीशा, रूहान, तूबा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नसीम पाशा (पूर्व पार्षद) ने रिपोर्ट कार्ड देकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया, ओर संस्था फ्री तालीम दे रही है इस कार्य की सराहना की । अध्यक्ष - मो. आबिद प्रबन्धक एडवोकेट सलमा आबिद प्रधानाचार्य महक खान मो. शोएब, फारेहा मैडम, समरीन मेम, तबस्सुम मेम, इकरा मेम

## मिशन शक्ति 5.0 का दमदार असर : चांदपुर में पुलिस ने महिलाओं को बनाया जागरूक, साइबर अपराध से बचाव की दी मजबूत सीख

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर**। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत थाना चांदपुर क्षेत्र में एक व्यापक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। सिलारा रोड कस्बा, चांदपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला थाना चांदपुर की टीम ने बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर के निर्देशन में संचालित किया गया, जिसमें महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रमुख रूप से दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में सतर्कता और सही जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है। महिलाओं और बालिकाओं को ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, सोशल मीडिया पर होने वाले धोखाधड़ी के तरीकों और उनसे बचने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर धमकी या उत्पीड़न होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराना बेहद जरूरी है।



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं–विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान–के बारे में भी जानकारी दी गई।

इसके अलावा कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, वन स्टॉप सेंटर योजना और महिला शक्ति केंद्र योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को मिलने वाले लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न या किसी भी प्रकार के अपराध की स्थिति में महिलाएं बिना किसी संकोच के पुलिस से संपर्क करें। उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और उन्हें त्वरित न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए गए: 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 102/108 (एम्बुलेंस), 101 (अग्निशमन), 1098 (चाइल्ड लाइन) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)।

अंत में पुलिस अधीक्षक बिजनौर ने सभी महिला पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाएं और उन्हें जागरूक करें, ताकि समाज में सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का वातावरण मजबूत हो सके। बिजनौर पुलिस का यह अभियान न केवल जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रहा है।

## रामपुर में प्रमुख जन गोष्ठी में जुटे स्वयंसेवक कार्यकर्ता

**बुलंद मंजिल**

**रामपुर**। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत की प्रमुख जैन गोष्ठी आयोजित हुई जी दौरान विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई जनपद से शाहाबाद एवं अन्य को स्थान से बसों में प्रस्थान करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता रामपुर जन गोष्ठी एकत्र हुए। जिसमें शाहबाद से उमेश रस्तोगी, कपिल शर्मा, अमर कुमार,कपिल ,गिरीश कुमार, पाठक राम सुमरन पाराशरी, भागीरथ बरनवाल, राजेंद्र रस्तोगी , मनोज श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव , मनीष शर्मा, प्रदीप चंद्रवंशी आदि पहुंचे।

## जीआरपी चन्दौसी ने एक चाकू के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**



**चन्दौसी**। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे उ०प्र० के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत व पुलिस अधीक्षक रेलवे, मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला आईपीएस के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान पुरुस्कार घोषित, वांछित वारण्टी, मफरूर की गिरफ्तारी हेतु एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, मुरादाबाद अनील कुमार वर्मा के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना जीआरपी चन्दौसी पर रविवार को आकाश पुत्र श्री केहर सिंह निवासी ग्राम मौलागढ थाना चन्दौसी उम्र करीब 24 वर्ष को एक अदद चाकू नाजायज के साथ पानी की टंकी अलीगढ आउटर के पास रेलवे स्टेशन चन्दौसी से करीब 10.55 पर गिरफ्तार किया और मुकदमा पंजीकृत कर न्यायलय भेजा। गिरफ्तार करने वाली टीम में हे. का. शैलेंद्र कुमार, विकास कुमार जीआरपी, सुखबीर सिंह आरपीएफ आदि मौजूद है।

## मजलिस-ए-तहरीम में शहादत-ए-आयतुल्लाह खामनेई पर गूंजा इंकलाब का पैगाम, शिया-सुन्नी एकता का देखने को मिली

**बुलंद मंजिल- ब्यूरो**

**मुरादाबाद**। जनपद के मोहल्ला लकड़ी वाला स्थित जानी भाई के चौक में सैयद आयतुल्लाह खामनेई की शहादत के सिलसिले में मजलिस-ए-तहरीम का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना रईस अहमद ने खिताब फरमाया।

अपने संबोधन में मौलाना रईस अहमद ने शहादत की अहमियत पर विस्तार से रोशनी डालते हुए कहा कि शहीद कभी मरता नहीं, बल्कि उसकी शहादत हर दौर में एक नए इंकलाब को जन्म देती है।उन्होंने कहा कि आयतुल्लाह की शहादत ने पूरी दुनिया में एक नई जागरूकता और इंकलाबी सोच को जन्म दिया है, और अब उम्मते मुस्लिमा के एकजुट होने का समय आ गया है। मजलिस के बाद नोहाखानी और सीनाजनी भी की गई, जिसमें अकीदतमंदों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मजलिस का आयोजन शाहनवाज एडवोकेट की जानिब से किया गया था। कार्यक्रम में शिया और सुन्नी दोनों समुदायों के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर आपसी एकता और भाईचारे का संदेश दिया।




## मिलक में हनुमान जी के जन्मोत्सव पर ध्वज यात्रा का होगा कार्यक्रम: शंखधार

**बुलंद मंजिल-विनोद गुप्ता**

**मिलक रामपुर** । राष्ट्र सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष आदेश शंखधार ने हमारे ब्यूरो विनोद गुप्ता को बताया कि आगामी दो अप्रैल दिन गुरुवार को श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर साप्ताहिक बाजार मिलक से दोपहर 03 बजे एक ध्वज यात्रा निकाली जाएगी जो कि पटवाई रोड़, रेलवे फाटक के निकट से होली चौराहा होकर नवदिया मोड़, मेन रोड से तीनबत्ती चौराहा से पटवाई होकर मंदिर परिसर में सम्पन्न होगी। तथा सांय 07 बजे से रात्रि 10 बजे तक मंदिर परिसर प्रभु का भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। आदेश शंखधार ने सभी सनातनी हिन्दू भाईयों से अपील की गई है कि वह उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

# विवेकानंद पब्लिक स्कूल में 100% रिजल्ट घोषित,मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

## कक्षा 63ँ-इ में आफिया आरिफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में किया टॉप

**दैनिक बुलंद मंज़िल/मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर/झालू।** कस्बा झालू स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल (मोहल्ला कानूनगोयान) का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई।विद्यालय के प्रबंधक इरफान अहमद ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि जब से विद्यालय ने बस्ती क्षेत्र में अपनी सेवाएं शुरू की हैं, तब से शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी मेधावी



विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 6th-B में अंसारी आफिया आरिफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 में अरीबा प्रथम, शारीक द्वितीय और हिफजा नाज तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 में निदा प्रथम, बरीरा आसिफ द्वितीय तथा अबूजर जैदी तृतीय स्थान पर रहे।

अन्य कक्षाओं में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 6-अ में मोहम्मद हसन प्रथम, आतिफ इरफान द्वितीय और लायबा तृतीय स्थान पर रही। फिफ्थ, फोर्थ, थर्ड, सेकंड और फर्स्ट की सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों ने बेहतर अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के संवाददाता से बातचीत में अंसारी आफिया आरिफ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और अपने पिता आरिफ अंसारी को दिया। उन्होंने बताया कि उनके पिता हमेशा उनकी पढ़ाई को लेकर सजग रहते हैं और हर समय उनका मार्गदर्शन करते हैं।कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्रीमती फरजाना परवीन, कोऑर्डिनेटर नसरीन, राना तबस्सुम, मिस आयशा, मिस शाजिया सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# प्राथमिक विद्यालय में भारत गौरव शैक्षिक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

## एसडीएम स्मृति मिश्रा रहीं मुख्य अतिथि, बच्चों की प्रतिभा देख हुईं प्रभावित

**दैनिक बुलंद मंज़िल/मौहम्मद फैजान**

**स्योहारा/कनखेड़ी।** प्राथमिक विद्यालय कनखेड़ी में भारत गौरव शैक्षिक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविधता और वैज्ञानिक उपलब्धियों से अवगत कराना रहा। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक परिधान, राष्ट्रीय प्रतीक, प्रमुख ऐतिहासिक धरोहरों, प्रसिद्ध व्यंजनों तथा मुख्य फसलों पर आधारित आकर्षक मॉडल एवं



चार्ट प्रस्तुत किए। बच्चों की रचनात्मकता और ज्ञान को देखकर उपस्थित अभिभावक एवं अतिथि काफी प्रभावित हुए।इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने गंगा नदी, काजीरंगा नेशनल पार्क, कंचनजंगा पर्वत, विभिन्न राष्ट्रीय उद्यानों तथा चंद्रयान मिशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारीपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता एवं विज्ञान के क्षेत्र में भारत की प्रगति को प्रभावी ढंग से दशार्या। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम स्मृति मिश्रा रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों एवं परियोजनाओं का अवलोकन किया और उनकी सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षिक गतिविधियां बच्चों के बौद्धिक एवं रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की।यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रगति शरण के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक अध्यापक नरेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम ज्ञान, उत्साह और प्रेरणा का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।

# मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमकिये प्रस्तुत।

**दैनिक बुलंद मंज़िल/सलीम हैदर**

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 11वीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान,एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नर्सरी से कक्षा 11वीं परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। यूकेजी के छात्र मोहम्मद अयान ने शत प्रतिशत



अंक लाकर स्कूल टॉपर का खिताब अपने नाम किया।विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह ने छात्रों के कैरियर के सम्बन्ध में अभिभावको को आवश्यक जानकारी दी। सभी मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रथम,द्वितीय,तृतीय शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सतीश कुमार,बालेश कुमार,गजेय सिंह,कुशलपाल सिंह,विनोद कुमार, अर्शी अबरार,अंजलि,हिमानी,विधी,शिवानी,वैशाली कश्यप,सचिन कुमार,सदफ,स्वलिहा,स्वाति कश्यप, प्रीति शर्मा एवं केशव शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का किया गया आयोजन।



**दैनिक बुलंद मंज़िल/सलीम हैदर**

**बरुकी।** ग्राम शादीपुर में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर 108 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया तथा उन्हें दवाई वितरित की गई।बिजनौर से आए मेजर डॉक्टर अभिनव सिंह के नेतृत्व में ग्राम शादीपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित नेत्र शिविर में मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया एवं शिविर में 108 मरीज का रजिस्ट्रेशन हुआ। सभी मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया तथा उन्हें परामर्श और निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।इस दौरान डॉ प्रीति देशवाल, डॉ मेघा राजपूत, डॉ इला सिंह ने मरीजों को परामर्श दिया। इस दौरान वीरबाला देवी, ऋतुराज मौर्य,मेजर अभिनव सिंह, कपिल, रूपेंद्र यादव, हरीश कुमार सैनी, गौरव ठाकुर, अनुज ठाकुर, गुड़िया सैनी आदि मौजूद रहे।

# खाप चौधरीयों का पंचायत घर पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत।

**दैनिक बुलंद मंज़िल सलीम हैदर**

**बरुकी।** गठवाला खाप के थामबा सोहजनी चौधरी रविंदर सिंह मलिक एवम चौधरी सवित मलिक के ग्राम धौकलपुर के पंचायत घर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने दोनों खाप चौधरीयों का स्वागत किया। मलिक गोत्र के खाप चौधरी बाबा रविंद्र मलिक एव चौधरी सवित मलिक ने ग्रामीणो को मलिक गोत्र के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में मलिक गोत्र के लोग बसे हु? हैं। सभी को एकत्रित करने का कार्य गठवाला खाप के चौधरी कर रहे हैं। इसी क्रम में गठवाला



खाप के बाबा चौधरी रविंद्र सिंह मलिक एवं चौधरी सवित मलिक बिजनौर के मलिक गोत्र के लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। शीघ्र ही देश के हर क्षेत्र में खाप चौधरीयों के सम्मेलन कराए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष एवं ग्राम धौकलपुर के प्रधान सचिन मलिक, जिला पंचायत सदस्य संजीव मलिक, गजेंद्र सिंह मलिक, डॉ विकुल मलिक, डॉ पुखराज सिंह मलिक, चौधरी करण सिंह मलिक, चौधरी रोहताश सिंह मलिक, विरेंद्र सिंह मलिक, विकास मलिक, अनुज मलिक, अंकुर मलिक, बेगराज सिंह मलिक, तेजपाल सिंह मलिक आदि अपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर लगते ही 47 हजार का बिल, विधवा महिला परेशान, बिजली विभाग से की शिकायत।

## राष्ट्रीय किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष नवेद अरशद उर्फ शबलू प्रधान ने जताया विरोध।

**दैनिक बुलंद मंज़िल/मौहम्मद फैजान**

**धामपुर/नींदडू।** विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मीटर लगाने के लिए दो साल पहले आवेदन करने वाली एक विधवा महिला के घर जब स्मार्ट मीटर लगाया गया, तो अगले ही दिन उस पर 47 हजार रुपये से अधिक का बिल आ गया। अचानक इतना बड़ा बिल देखकर महिला के होश उड़ गए और वह गहरे सदमे में आ गई। जानकारी के अनुसार, नींदडू खास से सटी ग्राम पंचायत बाजीदपुर-बीरू निवासी बुंदू मलिक की विधवा ने 28 मार्च 2024 को अपने घर पर बिजली मीटर लगाने के लिए आवेदन किया था। करीब दो वर्ष बाद 27 मार्च 2026 को विद्युत विभाग ने उसके घर स्मार्ट मीटर लगाया। इससे पहले



महिला 6 अगस्त 2025 को 2900 रुपये का बिजली बिल जमा कर चुकी थी।

लेकिन मीटर लगने के अगले ही दिन जब महिला बिजलीघर बिल की जानकारी लेने पहुंची, तो उसे पता चला कि उस पर 10 महीने का बकाया जोड़कर कुल 47,896 रुपये का बिल बना दिया गया है। इतना भारी-भरकम बिल देखकर महिला के पैरों तले जमीन खिसक गई। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष नवेद अरशद उर्फ शबलू अन्य ग्रामीणों के साथ बिजलीघर पहुंचे और प्रभारी अवर अभियंता उमेश अग्रवाल से शिकायत की। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही और गलत बिलिंग के कारण आम उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। भाकियू नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में अन्य उपभोक्ताओं के साथ भी इसी तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। अंथाई शेख गांव में एक व्यक्ति ने 14 फरवरी 2026 को बिल जमा किया था, लेकिन मार्च का 1680 रुपये का बिल दो-तीन दिन की देरी से जमा करने पर उसका कनेक्शन काट दिया गया।

वहीं, नींदडू खास निवासी अय्यूब कुरैशी ने आरोप लगाया कि बिल जमा न करने पर एक महीने में चार बार उनका कनेक्शन काटा गया। एक अन्य महिला का 18 हजार रुपये का बिल जमा होने के बावजूद भी उसका कनेक्शन काट दिया गया। भाकियू किसान तहसील अध्यक्ष शबलू ने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो क्षेत्र के गांवों में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया जाएगा और आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि मौजूदा हालात में ग्रामीण किसी भी कीमत पर स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे।

# सरकारी योजनाओं से वंचित दिव्यांगों का दर्द: विधायक से लगाई न्याय की गुहार - जुबैर आलम

**दैनिक बुलंद मंज़िल अरबाज अंसारी**

**कोतवाली देहात।** दिव्यांग सहारा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष जुबेर आलम के आदेशानुसार प्रदेश अध्यक्ष मास्टर जबर सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर नहटौर विधायक ओमकुमार जी को जोरदार ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ न मिलने पर नाराजगी जताई गई है।



क्या हैं मुख्य मांगें?

1. दिव्यांगजनों का अंत्योदय राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है पेंशन लिस्ट से अंत्योदय राशन कार्ड बनना चाहिए और अविवाहित दिव्यांगजनों का भी अंत्योदय राशन कार्ड बनना चाहिए,
2. दिव्यांगजनों को मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री आवास बनना चाहिए अविवाहित का भी,
3. दिव्यांगजनों का पेंशन लिस्ट से आयुष्मान कार्ड बनना चाहिए,
4. दिव्यांगजनों को रोजगार के लिए बस स्टैंड, चौराहों और रेलवे स्टेशन पर दुकान या खोला आवंटित किया जाए,
5. दिव्यांगजनों को ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक बनाया जाए,

दिव्यांगजन लंबे समय से सरकारी योजनाओं से वंचित हैं, जिससे उनके सामने रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानियां आ रही हैं।

ह्लअगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।ह्व

अब सबकी नजर अधिकारियों पर

क्या अधिकारी इन मांगों को गंभीरता से लेकर कोई ठोस कदम उठाएगा या फिर दिव्यांगों को इंतजार ही करना पड़ेगा? जिसमें उपस्थित रहे दिव्यांग सहारा से प्रदेश अध्यक्ष मास्टर जबर सिंह, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री जाबिर भाई, मंडल उपाध्यक्ष जोनी भाई, ब्लॉक अध्यक्ष समरपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा वसीम भाई, विजयपाल सिंह, ललित कुमार आदि

# सम्राट अशोक जयंती पर लखीमपुर खीरी में बहुजन भाईचारा संकल्प महारैली का भव्य आयोजन

## बहुजन समाज अब अपने अधिकारों के लिए और मजबूती से लड़ेगा – सांसद चंद्रशेखर आजाद

**दैनिक बुलंद मंज़िल/मौहम्मद फैजान**

**धामपुर/बिजनौर।** महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक जी की जयंती के उपलक्ष्य में जनपद लखीमपुर खीरी में बहुजन भाईचारा संकल्प महारैली का ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व आयोजन किया गया। इस महारैली में भारी संख्या में लोगों की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि बहुजन आंदोलन अब नई ऊर्जा, नई चेतना और नई ताकत के साथ आगे बढ़ रहा है।कार्यक्रम को सफल बनाने में



पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं सहयोगियों ने दिन-रात मेहनत कर अहम भूमिका निभाई। आयोजन स्थल पर उमड़ी जनसमूह की भीड़ ने इस महारैली को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। उपस्थित जनता का उत्साह, अनुशासन और जागरूकता कार्यक्रम की विशेष पहचान रही। इस अवसर पर नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने संबोधन में कहा कि साथियो की यह एकजुटता इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बहुजन महापुरुषों का मिशन अब और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा और सामाजिक न्याय की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ेगा। महारैली में शामिल लोगों ने भी अपने समर्थन और सहभागिता के माध्यम से यह संदेश दिया कि वे सामाजिक समानता, भाईचारे और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों एवं जनता के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# मिशन शक्ति 5.0: गांव-गांव चौपाल, महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**संभल।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्लमिशन शक्ति 5.0ह्व के तहत रविवार को जनपद संभल के थाना नखासा क्षेत्र के गांव में चौपाल एवं व्यापक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीमों व महिला पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में सक्रिय रूप से अभियान चलाया।




चौपाल के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस दौरान महिला पुलिस टीम ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही बाजारों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों और धार्मिक स्थलों पर पंपलेट वितरित कर हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

अभियान के तहत वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, एम्बुलेंस सेवा 108, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिसकर्मियों ने मोबाइल फोन में पैनिक बटन और इमरजेंसी कॉल फीचर का लाइव डेमो देकर महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक राखी सिंह समेत महिला आरक्षी शैली, आंचल, प्रियंका आदि मौजूद रहीं।

# छापेमारी के बाद भी सक्रिय नकली समरसेबल माफिया, जिम्मेदारों की भूमिका पर उठे सवाल

## -छापे के बाद भी चालू कारोबार, अधिकारियों पर सवाल


**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** जिले में अलीगढ़ रोड़ पर अवैध समरसेबल के कारोबार पर कार्रवाई के बावजूद कथित माफिया की सक्रियता प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर रही है। महेश कुशवाहा नामक समरसेबल कारोबारी, जिसकी अवैध दुकान पहले अलीगढ़ रोड स्थित तमन्ना गढ़ी क्षेत्र में संचालित हो रही थी, अब अपना अड्डा बदलकर दयानंतपुर पहुंच गया है। सूत्रों के अनुसार, तमन्ना गढ़ी स्थित अवैध दुकान पर कार्रवाई की आशंका के चलते कारोबारी ने स्थान परिवर्तन किया। इसके बाद दयानंतपुर में भी कुछ दिन पहले छापेमारी की गई थी, जो थाना हाथरसगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आती है। हालांकि, इस कार्रवाई के बावजूद अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि छापेमारी महज औपचारिकता बनकर रह गई और जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। वायरल वीडियो सामने आने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

बताया जा रहा है कि उक्त कारोबारी नकली ब्रांडेड समरसेबल पंपों का निर्माण और बिक्री करता है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके बावजूद उसका दोबारा सक्रिय होना यह दशार्ता है कि कहीं न कहीं सिस्टम में लापरवाही या मिलीभगत हो सकती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# गीगला में भव्य एक दिवसीय कुश्ती दंगल का आयोजन, दाव पेच के बीच हुए रोमांचक मुकाबले

## -जिला पंचायत अध्यक्ष ने उद्घाटन कर पहलवानों का मनोबल बढ़ाया

**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** सादाबाद क्षेत्र के गांव गीगला में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा रामवीर उपाध्याय ने फीता काटकर एवं अखाड़े की पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान उन्होंने अखाड़े में उतरने वाले पहलवानों के हाथ मिलवाकर मुकाबलों की शुरूआत कराई, जिससे खेल भावना और आपसी सौहार्द का संदेश भी दिया गया। उद्घाटन के अवसर पर सीमा रामवीर उपाध्याय ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि



कुश्ती हमारी प्राचीन और गौरवशाली परंपरा का हिस्सा है, जिसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरणा मिलती है और वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहते हैं। दंगल के दौरान महिला एवं पुरुष पहलवानों के बीच एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेंच और ताकत का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। हर मुकाबले पर दर्शकों की तालियों और उत्साह ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। पूरे दिन अखाड़े में मेले जैसा माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम को देखने के लिए उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान देवेश उपाध्याय, पूर्व प्रधान गुड्डू, अंकित पहलवान, अरुण शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजक समिति द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को और भव्य रूप में आयोजित करने का संकल्प लिया।

# हाथरस को जल्द मिलेगी मेडिकल कॉलेज की सौगात, भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया तेज

## -वर्षो पुरानी मांग पूरी होने के करीब, जनता में खुशी,सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर के प्रयास लाए रंग

**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** जिले की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। हाथरस में मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर लंबे समय से किए जा रहे प्रयास अब रंग लाते दिखाई दे रहे हैं। इस संबंध में शासन स्तर पर सकारात्मक पहल शुरू हो गई है, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। बताया जाता है कि अंजुला



सिंह माहौर द्वारा कई बार माननीय मुख्यमंत्री से मिलकर हाथरस में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग की गई थी। उन्होंने निर्माण प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को दूर कराने का भी आग्रह किया था, ताकि कार्य शीघ्र शुरू हो सके।

इसी क्रम में जिलाधिकारी हाथरस द्वारा मार्च माह में भूमि हस्तांतरण के संबंध में शासन को पत्र प्रेषित किया गया था। अब शासन से इस संबंध में पत्र प्राप्त हो चुका है, जिससे प्रक्रिया में तेजी आने के संकेत मिले हैं। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए क्षेत्रीय सदर विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए जनसमुदाय ने उनका आभार व्यक्त किया है। विधायक द्वारा समय-समय पर विधानसभा में और पत्राचार के माध्यम से शासन को अवगत कराया जाता रहा कि जनपद में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मेडिकल कॉलेज का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। जनपदवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य शुरू होगा, जिससे स्थानीय लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# हाथरस में महाराणा प्रताप शोभायात्रा अध्यक्ष का भव्य स्वागत

## -अनिल सिसोदिया को पगड़ी पहनाकर और चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया

**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**

**हाथरस** के आगरा रोड स्थित आवास विकास कॉलोनी पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नगर अध्यक्ष कपिल राघव द्वारा महाराणा प्रताप शोभायात्रा के नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल सिसोदिया व उनकी कमेटी का पगड़ी पहनाकर एवं चित्र भेंट कर जोरदार स्वागत सम्मान किया। स्वागत करने वालों में ब्रिजेन्द्र सिंह, रघुराज सिंह पौरुष, मदन राघव, प्रविन राघव हेमकांत शर्मा, नीरज शर्मा, दिनेश उपाध्याय, दीपक राघव, किशोर राघव, सौरभ राघव, मनीष पौरुष, भानु प्रताप सिंह चौहान,




यश राघव, सिद्धार्थ तौमर, केशव राघव, शिवम राघव, माधव राघव रहे। शोभायात्रा के अध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने वहां उपस्थित सभी को शोभायात्रा का निमंत्रण दिया और कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मतेंद्र सिंह गहलोत, जोगेंद्र सिंह, मनोज सिसोदिया प्रधान परसारा, संयोजक संदीप सिसोदिया, हरीश सेंगर, अमित पौरुष, छोटू राणा, आशीष जादौन, प्रवीण सिसोदिया, मधुर, मोना ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. विकास शर्मा ने सासनी में पथवारी माता की रथयात्रा का शुभारंभ किया

## -49 वें श्री रामनवमी मेले में भक्तिमय सवारी और रथयात्रा का आयोजन-धार्मिक आस्था और उत्साह से रंगा पथवारी माता का भव्य आयोजन

**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** जिले में 49 वें श्री रामनवमी मेले के पावन अवसर पर पथवारी माता की सवारी एवं भव्य रथयात्रा का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के बीच संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर डॉ. विकास शर्मा ने निर्देश वार्ष्णेय एवं विकास सिंह के साथ रथयात्रा का शुभारंभ किया, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई।

इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली। पथवारी माता की सवारी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति,



युवा और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। जयघोष और भक्ति भाव से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। डॉ. विकास शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन परंपराओं, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करते हैं। यह कार्यक्रम समाज को जोड़ने, युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने और धार्मिक चेतना को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस भव्य आयोजन में समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में कमल शर्मा, बिकी गुप्ता, दीपेश वर्मा, दीपक वर्मा, सुरेंद्र वार्ष्णेय, प्रतीत वार्ष्णेय, ललरता प्रसाद, संतोष वर्मा, कपिल गुप्ता, निशांत वार्ष्णेय, निर्भय वार्ष्णेय, प्रतिन वर्मा एवं बंदू वार्ष्णेय सहित अनेक सम्मानित नागरिक और धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे। अंत में डॉ. विकास शर्मा ने सभी समिति सदस्यों, सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए माता पथवारी एवं प्रभु श्रीराम से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की।

# मिलक में हनुमान जी के जन्मोत्सव पर ध्वज यात्रा का होगा कार्यक्रमः शंखधार




**बुलंद मंजिल /विनोद गुप्ता**

**मिलक रामपुर ।** राष्ट्र सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष आदेश शंखधार ने हमारे ब्यूरो विनोद गुप्ता को बताया कि आगामी दो अप्रैल दिन गुरुवार को श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर साप्ताहिक बाजार मिलक से दोपहर 03 बजे एक ध्वज यात्रा निकाली जाएगी जो कि पटवाई रोड़, रेलवे फाटक के निकट से होली चौराहा होकर नवदिया मोड़, मेन रोड से तीनबत्ती चौराहा से पटवाई होकर मंदिर परिसर में सम्पन्न होगी। तथा सांय 07 बजे से रात्रि 10 बजे तक मंदिर परिसर प्रभु का भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। आदेश शंखधार ने सभी सनातनी हिन्दू भाईयों से अपील की गई है कि वह उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

# गांव-गांव पहुंची मिशन शक्ति 5.0 की गूंज

## हीमपुर दीपा पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक, साइबर अपराधियों को दी कड़ी चेतावनी

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर / हीमपुर दीपा ।** जनपद बिजनौर में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत थाना हीमपुर दीपा पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का बिगुल फूंक दिया। ग्राम रौनिया और हीमपुर दीपा में आयोजित विशेष कार्यक्रम में पुलिस टीम ने बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



इस दौरान उप निरीक्षक सुमित कुमार, उप निरीक्षक मुन्नी राठी, हेड कांस्टेबल संजय कुमार और महिला कांस्टेबल रेनू राठी ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए महिलाओं को संबोधित किया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब महिलाएं किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ या उत्पीड़न को सहन न करें, बल्कि तुरंत आवाज उठाएं और कानून की मदद लें।

कार्यक्रम में साइबर अपराध को लेकर विशेष जागरूकता पर जोर दिया गया। महिलाओं और बालिकाओं को बताया गया कि मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल किस प्रकार अपराध का रूप ले सकता है। अश्लील मैसेज, फर्जी कॉल, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग और सोशल मीडिया पर उत्पीड़न जैसे मामलों से बचने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध के बाद तुरंत क्या कदम उठाने चाहिए और कैसे शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारीः

181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)।

पुलिस टीम ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की समस्याएं भी सुनीं और मौके पर ही उनके समाधान के लिए आश्वासन दिया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस हर समय उनके साथ खड़ी है और उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

थाना हीमपुर दीपा पुलिस का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर व निडर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रहा है।

# विश्व विख्यात मनोना धाम में एकादशी पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने टेका माथा लिया आशीर्वाद

## कामदा एकादशी भक्तो के लिए आध्यात्मिक उन्नति तथा मनोकामनाओं की पूर्ति करती पूर्ण : महंत श्री श्री ओमेन्द्र महाराज

**बुलंद मंजिल /विनोद गुप्ता**

**रामपुर।** रविवार को चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की कामदा एकादशी पर देश विदेश से श्री श्याम मंदिर मनौना धाम आवला वरेली मे ऐतिहासिक भीड पहुंची जो एक रिकार्ड श्याम भक्तो का सैलाव रहा घंटो लाइन मे लगकर श्याम भक्त वाबा श्याम के दर्शन कर प्रसाद का भोग लगा रहे थे तथा देर रात तक वाबा के दरवार के कपाट खुल रहे है भक्त इतने श्याम बाबा के दीवाने है कि कपाट वंद होने के वाद भी रात भर लाइन मे लगे रहते है और सुबह आरती के वाद दरवार मे दर्शन करते है फिर महंत श्री ओमेन्द्र महाराज की आशीर्वाद वाली वेरीकेंटिंग मे लगकर महंत जी महाराज से श्याम जल को अभिमंत्रित कराके आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य कर रहे है इस समय अपार भीड के साथ भारी संख्या मे देश भर से मरीजो को लेकर एम्बूलेंस मनौना धाम पहुच रही है जहा महंत जी महाराज लगातार मरीजो को श्याम जल अभिमंत्रित कर आशिर्वाद दे रहे है विश्व विख्यात मनौना धाम के महंत श्री ओमेन्द्र महाराज ने बताया कि

सनातन धर्म में एकादशी तिथि को अत्यंत पवित्र और



पुण्यदायी माना गया है। वर्ष भर में आने वाली सभी एकादशियों का अपना विशेष महत्व होता है, परंतु चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिसे कामदा एकादशी कहा जाता है, विशेष रूप से फलदायी मानी जाती है। यह एकादशी हिंदू नववर्ष की पहली एकादशी होती है, जो भक्तों के लिए आध्यात्मिक उन्नति तथा मनोकामनाओं की पूर्ति का अवसर प्रदान करती है।

मान्यता है कि इस पावन दिन भगवान विष्णु की श्रद्धा और भक्ति से पूजा करने पर जीवन के पाप नष्ट होते हैं और व्यक्ति को सुख, समृद्धि तथा मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। ‘कामदा’ शब्द का अर्थ ही है कामनाओं को पूरा करने वाली। इसलिए यह व्रत भक्तों की उचित इच्छाओं की पूर्ति करने वाला माना गया है तथा मनौना धाम व्यवस्थापक एड श्यामेन्द्र चौहान ने बताया कि कामदा एकादशी पर भक्तो के लिए कोई परेशानी न हो तथा धाम की व्यवस्थाए सुचारू रहे इसके लिए 15 सेक्टरो प्वाइंटों मे वाटा गया प्रत्येक प्वाइंटो पर पांच सेवादार लगाये गये जो भक्तो की सेवा मे लगे रहे धाम पर सेवादार तथा पुलिस सुरक्षा कर्मी कंधे से कंधा मिलाकर व्यवस्था को संभालते नजर आये ।

# रामपुर में प्रमुख जन गोष्ठी में जुटे स्वयंसेवक कार्यकर्ता

**बुलंद मंजिल**

**रामपुर।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत की प्रमुख जैन गोष्ठी आयोजित हुई जी दौरान विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई जनपद से शाहाबाद एवं अन्य को स्थान से बसों में प्रस्थान करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता रामपुर जन गोष्टी एकत्र हुए। जिसमें शाहबाद से उमेश रस्तोगी, कपिल शर्मा, अमर कुमार,कपिल ,गिरीश कुमार, पाठक राम सुमरन पाराशरी, भागीरथ बरनवाल, राजेंद्र रस्तोगी , मनोज श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव , मनीष शर्मा, प्रदीप चंद्रवंशी आदि पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**शिकारपुर।** डिबाई शिकारपुर हाईवे पर अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में गांव खखूडा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। कस्बा डिबाई के मोहल्ला शेख चिश्ती निवासी राजा उर्फमोहम्मद अशरफ( 40 वर्ष ) पुत्र हाजी निसार बाइक द्वारा डिबाई से शिकारपुर की तरफआ रहा था। रास्ते में गांव खखूडा के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार हेतु शिकारपुर अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम को भेज दिया।

### किशोरी लापता

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव से किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। लापता किशोरी के पिता ने थाने में नामजद तहरीर देते हुए कहा है कि 16 वर्षीया पुत्री घर पर अकेली थी। गांव निवासी नितिन घर पहुंचा और उसको बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफनामजद मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

### आचार संहिता की उपयोगिता पर हुआ व्याख्यान

**शिकारपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर ला कालेज में आचार संहिता की उपयोगिता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ बिनोद कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता प्रमोद कुमार, वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती श्वेता सिंह व उत्तम वीर सिंह ने कानून के छात्रों को व्याख्यान का उद्देश्य नैतिक मूल्यों, नियमों और कानूनी आचरण के प्रति जागरूक करना बताया। सुहैल आलम, डा अरविंद कुमार, डा बाला रानी, काजल तथा लक्ष्मी ने भी विचार रखे।

### डीएम व एसएसपी ने जेवर एयरपोर्ट कार्यक्रम के मद्देनजर रूट डायवर्जन का किया निरीक्षण।

**बुलन्दशहर।** भारत के प्रधानमंत्री के प्रस्तावित जेवर एयरपोर्ट ( गौतमबुद्धनगर ) दौरे के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने रूट डायवर्जन व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बसों के सुचारू संचालन एवं यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### एनएचआरसी ने मांगी रिपोर्ट

**बुलन्दशहर।** थाना नरसेना क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां में 19 जनवरी 2026 को हुई हिंसक घटना के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। यह कार्रवाई आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह राणा की शिकायत पर की गई है। आयोग ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से चार सप्ताह के भीतर मामले में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। घटना में एक 17 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई थी। संगठन ने आरोपियों की गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

**जहांगीराबाद।** नगर के मोहल्ला स्थित दरबार बैंड वाली गली में गुरुद्वारे वाले बाबा मंदिर परिसर में 28 मार्च से 4 अप्रैल 2026 तक आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा के मुख्य वक्ता के रूप में वृंदावन से पधारे श्रद्धेय आलोक कृष्ण शास्त्री जी अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। यह आयोजन श्री श्री 1008 श्री गुरुद्वारे वाले बाबा की कृपा से संपन्न हो रहा है।आयोजन के अंतिम दिन 4 अप्रैल को प्रात: 8 बजे पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन की आयोजक श्रीमती राजवती शर्मा ( पत्नी स्व. इन्द्रपाल शर्मा ) हैं, जिनके मार्गदर्शन में समस्त कौशिक परिवार आयोजन को सफल बनाने में जुटा हुआ है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास शर्मा, मनीष शर्मा, गौतम शर्मा, संगीता शर्मा, जूली शर्मा, सुनीता शर्मा, पूनम शर्मा, पुष्पा शर्मा, खुशबू शर्मा, काव्यांश शर्मा, तन्मय शर्मा एवं कल्पना शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### थाना दिवस में पहुंचे डीएम और एसएसपी



शिकायतें सुनते डीएम और एसएसपी।

**डिबाई।** जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं एसएसपी श्री दिनेश कुमार सिंह ने थाना डिबाई में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रतिभाग करते हुए फरियादियों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मनीष कुमार, सीओ मधुपकुमार , तहसीलदार श्रीमती सरिता सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। थाना परिसर में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक मामले और अन्य स्थानीय समस्याएं शामिल थीं।

### व्यावसायिक गैस सिलेंडर की सप्लाई ऑन डिमांड शुरू

**खुर्जा।** जिले सहित खुर्जा नगर में रसोई गैस सिलेंडर के साथ अब व्यावसायिक गैस की समस्या भी अब धीरे-धीरे कम हो जाएगी । क्योंकि व्यावसायिक गैस के 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की सप्लाई शुरू हो गई है । यह सप्लाई फिलहाल ऑन डिमांड मिल रही है । इसके लिए उपभोक्ता को आपूर्ति विभाग को अपनी डिमांड देनी पड़ रही है । विगत सप्ताह पूर्ति विभाग ने शासन से 65000 व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर की डिमांड प्रशासन द्वारा भिजवाई थी जिससे कि किसी की शादी ना रुके और ना कोई होटल,रेस्टोरेंट,अथवा उद्योग बंद हो । अब आइओसी बीपीसी और एचपीसी की एजेंसीओ पर 19 किलो वाले व्यावसायिक गैस सिलेंडर की सप्लाई आने लगी है। लेकिन इसका वितरण उपभोक्ताओं को डिमांड पर किया जा रहा है । रेस्टोरेंट, होटल या फैक्ट्री वाले अपनी डिमांड जिला पूर्ति विभाग को दे रहे हैं । जिला पूर्ति विभाग की अनुमति के बाद सिलेंडर ग्राहकों को दिए जा रहे हैं । इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी अभय सिंह का कहना है कि जिला बुलंदशहर से 65000 व्यावसायिक सिलेंडर की मांग शासन स्तर से की गई थी । उपभोक्ताओं को डिमांड के अनुसार सिलेंडर दिए जा रहे हैं ।

### श्रीरामनवमी पर 49वां ऐतिहासिक महोत्सव धूमधाम से संपन्न, निकली भव्य शोभायात्रा

**हाथरस।** नगर में श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर 49वां ऐतिहासिक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर के प्रमुख मार्गों से प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। महोत्सव का शुभारंभ परंपरा के अनुसार किया गया। कार्यक्रम के तहत ध्वजारोहण कर शोभायात्रा के संस्थापक स्व. मदन मोहन वार्ष्णेय की स्मृति को नमन किया गया। ध्वजारोहण की रस्म चंद्र वार्ष्णेय द्वारा संपन्न कराई गई।मेला उद्घाटन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ एसबीएस यूनियन स्कूल के डायरेक्टर डॉ. विकास सिंह ने फीता काटकर किया, जबकि डॉ. विकास शर्मा ने विधि-विधान से देवी पूजन संपन्न कराया।शोभायात्रा के दौरान नगर की गलियां फ्रजय श्री रामफ्र के उद्घोष से गुंजायमान रहीं। विभिन्न आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

# पति के प्रताड़ित करने पर महिला ने खाया कीटनाशक सप्ताह बाद हुई मौत

## पोस्टमार्टम होने के बाद मायके में हुआ अंतिम संस्कार





**भूरे सिंह यादव/ बुलंद मंज़िल**

**संभल/सौंधन** ' कैला देवी थाना क्षेत्र के खरसपा निवासी 30 वर्षीय महिला नीतू की शादी लगभग 10 वर्ष पहले धनारी थाना क्षेत्र के किरतपुर गांव निवासी श्री निवास के साथ हुई थी शादी के बाद से ही दोनों पति पत्नी में अनबन रहती थी इसी बीच दो महापूर्व महिला अपने मायके खरस्पा आ गई जहां बीते 21 मार्च को फोन पर पति से कुछ कहा सुनी हुई इसके बाद 21 मार्च को ही महिला ने घर में रखा कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन उसे उपचार के लिए सम्भल ले गए हालात में सुधार न होने से मुरादाबाद इलाज चल रहा था।इलाज में सुधार न होने से शनिवार को घर ले आए।जहां महिला की मौत हो गई।महिला के पास दो बच्ची है। 7 वर्षीय सुरभि तथा 5 वर्षीय प्राची है। घटना के बाद से ही परिवार में मातम छाया हुआ है। पति आए दिन प्रताड़ित करते रहता था।सूचना पर कैला देवी पुलिस पहुंच गई।महिला के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया की अभी कोई तहरीर नही दी गई। अगर तहरीर मिलती है तो विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# हर घर जल योजना में तेजी, अप्रैल तक 62 परियोजनाएं हो जाएंगी पूर्ण

**अलीगढ़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (हर घर जल योजना) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलाधिकारी संजीव रंजन ने योजना की प्रगति, गुणवत्ता एवं लंबित कार्यों की समीक्षा की।

अधिशासी अभियंता लोकेश शर्मा ने बताया कि जिले में अब तक 84 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और इनके माध्यम से घर-घर जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त 62 परियोजनाएं ऐसी हैं, जिन्हें अप्रैल माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि 731 ट्यूबवेल के सापेक्ष 729, 731 पम्प हाउस के सापेक्ष 722, 729 ओवरहेड टैंक (ओएचटी) के सापेक्ष 291 और 731 के सापेक्ष 521 क्लोरीनेशन कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वहीं 617 के सापेक्ष 543 सोलर प्लांट भी स्थापित किए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी ने 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार से कहा कि पूर्ण परियोजनाओं की जांच जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से अनिवार्य रूप से कराई जाए।

डीएम ने सड़क पुनरोद्धार कार्यों पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जहां-जहां गलियां धंस गई हैं, उनकी तत्काल मरम्मत कराई जाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में ग्राम प्रधानों के साथ हुई बैठक में पुनरोद्धार कार्यों के गुणवत्तापूर्ण ढंग से न किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जो स्वीकार्य नहीं हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसहभागिता के बिना योजना का पूर्ण लाभ संभव नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह योजना सीधे तौर पर जनहित एवं जल संरक्षण से जुड़ी है, इसलिए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

# जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिका की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण

**अलीगढ़।** 30 मार्च को प्रातः 11 बजे से लोकभवन लखनऊ में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिका को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे, जिसका सजीव प्रसारण कलैक्ट्रेट सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में नवनियुक्त चिन्हित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आंगनबाड़ी सहायिका को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में दिसंबर माह से संचालित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। शनिवार को विकास भवन समेत सभी बाल विकास परियोजनाओं में चयनित लाभार्थियों की सूची चस्पा कर दी गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय ने बताया कि विगत माह दिसंबर में जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के 23 एवं सहायिका के 907 रिक्त पदों की नियुक्ति की कार्यवाही आरंभ हुई। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को रिक्त पदों के सापेक्ष जिले में 13 आंगनबाड़ी एवं 743 सहायिकाओं की नियुक्ति पारदर्शिता एवं निष्पक्ष ढ़ंग से पूर्ण की गई है। बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका के चयन में उसी ग्राम पंचायत की गरीबी रेखा से नीचे वाली विधवा महिला, गरीबी रेखा से नीचे वाली परित्यक्तता या तलाकशुदा महिला, गरीबी रेखा से नीचे वाली महिला, गरीबी रेखा से ऊपर वाली विधवा महिला, गरीबी रेखा से ऊपर वाली परित्यक्तता या तलाकशुदा महिला एवं इंटरमीडिएट, स्नातक व परास्नातक परीक्षा में प्राप्त अंको के गुणांक के आधार पर मेरिट तैयार कर चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई है।

### सुभाष गली में आए दिन हो रहीं आपराधिक वारदातें, लगवाए जाएं सीसीटीवी कैमरे

**सादाबाद।** नगर की सुभाष गली में आए दिन बढ़ रही आपराधिक घंटनाओं के मद्देनजर स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को ट्विीट कर गली में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने की मांग की है। स्थानीय निवासी राहुल मित्तल एडवोकेट ने मांग करते हुए कहा कि सुभाष गली मुकेरखाना मिश्रित आबादी इलाका है। इलाके में आए दिन मारपीट व अन्य तरह की आपराधिक वारदातें आए दिन होती हैं, लिहाजा कभी भी कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। हाल ही के दिनों में दो से तीन मारपीट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होने गली मौहल्ले में शांति व सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के लिए एसपी व अन्य उच्च पुलिस अधिकारियों से गली में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने की मांग की है, जिससे अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई हो सके।

# उच्चकोटि की पढाई ही गुरुकुल स्कूल की पहचान




मेधावी विधार्थियों को सम्मानित करते आईटीएम के डायरेक्टर व उद्योगपति डिंकल अग्रवाल।

### गुरुकुल में मेधावी विधार्थी हुए सम्मानित

**खैर** सोमना रोड स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा नौ व ग्यारह के विधार्थियों को परीक्षाफल वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईटीएम के डायरेक्टर व उद्योगपति डिंकल अग्रवाल व विद्यालय के चेयरमैन मनोज राठी एडवोकेट ने सयुंक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि अलीगढ के प्रमुख कारोबारी डिंकल अग्रवाल ने कहा कि पढाई में अग्रणी गुरुकुल स्कूल की खैर क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान है। बेहतर अध्यापन कार्य तथा सुयोग्य स्टाफके बल पर आज गुरुकुल स्कूल का नाम चारों तरफफैल रहा है। यही कारण है कि आज के दौर में अभिभावक अपने बच्चों को सर्वप्रथम गुरुकुल पब्लिक स्कूल में ही भेजना चाहते है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नही जव खैर क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में गुरुकुल स्कूल उन्नति के शिखर पर होगा। प्रधानाचार्य सुनीता चौधरी ने कहा कि शिक्षा के बेहतर माहौल हेतु विद्यालय में सुयोग्य स्टाफ तथा अच्छा वातावरण है। विद्यालय का एक मात्र उद्देश्य विधार्थियों को योग्य बनाकर अपने पैरों पर खडा कराना है। जिसके चलते विधालय का परीक्षाफल हमेशा शत प्रतिशत रहता है। विद्यालय के चेयरमैन मनोज राठी ने कहा कि गुरुकुल पब्लिक स्कूल आधुनिकता के साथ-साथ आध्यात्मिकता, विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य, मैदान पर खेल भावना, राष्ट्रीय एकीकरण जैसे मूल्यों को विद्यार्थियों में अंकुरित करता आया है। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता चौधरी, दीपक अग्रवाल, दिनेश गर्ग, मनोज अग्रवाल, पंकज गर्ग, जूनियर विंग इंचार्ज अपर्णा गौर, कोऑर्डिनेटर कपिल चौधरी, नसीम अहमद के अलावा समस्त गुरुकुल परिवार मौजूद रहा।

# उड़ान सोसायटी ने नव साक्षरों का किया सम्मान



कार्यक्रम में मौजूद मंचासीन अतिथिगण।

**अलीगढ़।** जवां विकास खंड मुख्यालय के सभागार में जनपद की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था उड़ान सोसायटी द्वारा शिव नाडर फाउंडेशन के सहयोग से संचालित शिक्षा प्लस कार्यक्रम के तहत नवसाक्षर महिलाओं के लिए एक सम्मान समारोह सह प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जवां ब्लॉक प्रमुख ठा. हरेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि विजय कुमार वर्मा, प्रौढ़ शिक्षा हैड शिक्षा प्लस कार्यक्रम एवं उड़ान सोसायटी के अध्यक्ष डा. ज्ञानेंद्र मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

डॉ. ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि देश के अग्रणी उद्योगपति एवं एचसीएल कंपनी के संस्थापक शिव नाडर के व्यक्तिगत योगदान से संचालित शिक्षा प्लस कार्यक्रम के अधीन 15 वर्ष से अधिक उम्र वाले निरक्षर महिला या पुरुष को कंप्यूटर व प्रोजेक्टर आधारित साक्षरता क्लासों के द्वारा साक्षर बनाने का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम उड़ान सोसायटी के द्वारा जवां विकासखंड के नौ ग्राम पंचायतों में विगत डेढ़ वर्ष से किया जा रहा है और अब तक 4000 से अधिक निरक्षर लोगों को इस कार्यक्रम के तहत साक्षर बनाया जा चुका है। मुख्य अतिथि ठा. हरेंद्र सिंह ने अपने विकास खंड को पूर्ण साक्षर करने के क्रम उड़ान सोसायटी एवं शिव नाडर फाउंडेशन की पहल को सराहा और सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। डायरेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में एक रिसोर्स कोर्डिनेटर, तीन फील्ड कोर्डिनेटर के अतिरिक्त वर्तमान में 20 जन शिक्षकों के द्वारा 15-15 शिक्षार्थियों के बैच में निरक्षरों को साक्षर बनाने का कार्य किया जा रहा है। अतिथियों द्वारा नव साक्षरों को साक्षरता का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

# फांसी लगाकर महिला ने की खुदकुशी

**खैर।** पडौस में हुए देवी जागरण में पति व बच्चों के जाने से आहत 27 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पति व बच्चों की चीख पुकार सुनकर बाहर सो रहे पिता ने दरवाजा खोला तो विवाहिता को झीने के निकट लगे जंगले से लटका हुआ देख परिजन भौचक्के रह गए। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव पीएम को भेज दिया है।

बरका चौकी के गांव मऊ निवासी देवराज सिंह पुत्र अमीचन्द बीती 25 मार्च को पडौस में हुए देवी जागरण में गए थे। लौट कर आने पर पत्नी ने जागरण में जाने का विरोध किया। जिसके चलते पति व पत्नी में अनमन चल रही थी। जिसके चलते बीती 27 मार्च की रात्रि 27 वर्षीय आशू ने कमरे में सो रहे पति व बच्चों को सोता हुआ देख बाहर से दरवाजा बंद कर दिया तथा झीने के निकट लगे जंगले पर चुन्नी बांधकर उस पर लटक गई। कुछ देर बाद पत्नी को चारपाई पर न पाकर पति ने दरवाजा खोलना चाहा तो दरवाजा बाहर से लगा हुआ था। देवराज द्वारा नाम लेकर पत्नी को पुकारे जाने पर बच्चे भी जग गए। देवराज ने बाहर सो रहे पिता को आबाज लगाई तथा दरवाजा खोलने को कहा। दरवाजा खुलने के बाद बाहर का दृश्य देख पिता पुत्र भौचक्के रह गए। आशू जंगले से चुन्नी के सहारे मृत अवस्था में लटकी हुई थी। सूचना पर मायके पक्ष के लोग तथा खैर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव पीएम को भेज दिया तथा पूछताछ के लिए पति देवराज को हिरासत में ले लिया। मृतका की शादी 2017 में हुई थी। सात वर्षीय पुत्री व पांच वर्ष का पुत्र है। देर सांय तक दोनों पक्षों में राजीनामा की बात चल रही थी। चर्चा है कि देवराज अपने बच्चों के नाम अपने हिस्से की डेढ बीघा भूमि का दान पत्र करने को तैयार है। खैर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# Mission Shakti 5.0: Message of Women's Safety Resonates from Village Squares to Markets

**Buland Manzil Correspondent**

**Sambhal:** Acting on the directives of the Government of Uttar Pradesh, and under the ambit of "Mission Shakti 5.0"—an ongoing initiative aimed at promoting the safety, dignity, and self-reliance of women and girls—a community gathering (Chaupal) and a comprehensive awareness campaign were organized on Sunday in Salarpur Kalan village, located within the jurisdiction of the Nakhasa Police Station in the Sambhal district.

Under the direction of Superintendent of Police Krishna Kumar Bishnoi and the leadership of Additional Superintendent of Police (North) Kuldeep Singh, Anti-Romeo squads and female police personnel actively conducted the campaign throughout the region. Through the Chaupal, women and girls were apprised of



their rights, safety protocols, and relevant legal provisions.

During this initiative, the female police team reached out to both rural and urban areas to listen to the grievances of women, assuring them of prompt resolution. Additionally, pamphlets were distributed at markets, intersections, schools, colleges, and religious sites to disseminate information regarding various helpline numbers.

As part of the campaign, detailed information was provided regarding the Women Power Line (1090), Police Emergency Service (112), CM Helpline (1076), Ambulance Service (108), Health Services (102), Women's Helpline (181), and the Cyber Crime Helpline (1930). Police personnel raised awareness among women by conducting live demonstrations of the 'Panic Button' and 'Emergency Call' features available on mobile phones. The event was attended by various female police personnel, including Woman Sub-Inspector Rakhi Singh, along with Constables Shaili, Anchal, Priyanka, and others.?

# When Freedom Fighter Bats Against Turncoat Politics

Archana Sharma

This is the story of Pt Ramkrishna Sharma, a veteran freedom fighter and socialist, who turns 100 on Saturday. He witnessed the country's politics before Independence and then went on to shape the nation's democratic journey as a four-time MLA and a Member of Parliament from Bharatpur district. A man of principle, he bats against the turncoat politics of today, preferring service and sacrifice over power.

His life has been one of purpose taking on untouchability, fighting for farmers, and advocating for water conservation in a land where scarcity defines survival.

On the eve of his 100th birthday, Sharma sits quietly, his voice steady but rich with the weight of a century.

He has seen India in chains and India in command of its destiny. A freedom fighter, a four-time MLA, and a former Member of Parliament his life reads like a living chronicle of the nation's journey.

However, beyond the titles and milestones is a man who chose conviction over comfort, ideals over ambition.

